■ वर्ष 29 अंक 269 ■ जबलपुर शनिवार 29 मार्च 2025 डाक/नगर संस्करण www.swatantramat.com ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# स्वतंत्र मत



# थाईलैंड बैंकॉक में तबाही...तस्वीरें दे रही गवाही

## इमारतें गिरीं, सड़कें फटीं, जान बचाने भागे लोग



नेपीदा

म्यांमार में शुक्रवार सुबह 7.7 तीव्रता के भूकंप से कई शहरों में भारी तबाही देखी गई। 30 से 35 मंजिलों के स्वीमिंग पूल से पानी छलकता दिखा। सड़कों पर दोपहिया वाहन और पैदल चल रहे लोग वहीं गिर पड़े। दीवारों पर झूमर, सीनरी झूलती दिखीं। होटल, घर, एयपोर्ट पर लोग डर और जान बचाने के लिए बेहताशा भागते दिखे। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। म्यांमार में ऐतिहासिक शाही महल मांडले पैलेस के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं, सागाइंग क्षेत्र के सागाइंग टाउनशिप में एक पुल भूकंप में पूरी तरह नष्ट हो गया। राजधानी नेपीता के अलावा क्यौकसे, प्यिन ऊ ल्विन और श्वेबो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इन शहरों की आबादी 50 हजार से ज्यादा है। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है।



### ऐसी हुई तबाही

- म्यांमार में 144 की मौत, 732 घायल
- बैंकॉक में 80 लोग लापता, 3 की मौत
- म्यांमार का शाही महल भी क्षतिग्रस्त
- थाईलैंड में घोषित की गई इमरजेंसी
- पांच देशों में महसूस किए गए झटके

### इस वजह से म्यांमार में आया भूकंप

म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में मौजूद एक बहुत बड़ी दरार है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सागाइंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सागाइंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट कहते हैं, जिसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं, ऊपर-नीचे नहीं। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं जैसे दो किताबें टेबल पर रखी हों और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ स्लाइड किया जाए। यह दरार अंडमान सागर से लेकर हिमालय की तलहटी तक जाती है और पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेट्स के हिलने-डुलने से बनी है। भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे सागाइंग फॉल्ट पर दबाव पड़ता है और चट्टानें बगल में सरकती हैं।

### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34 प्रतिशत यानी सबसे ज्यादा है। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

### भारत मदद करने के लिए तैयार

म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। पीएम मोदी ने भूकंप में हुई इन घटनाओं पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि भूकंप के बाद की स्थिति से वह बहुत ही चिंता में हैं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए वह प्रार्थना कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत म्यांमार और थाईलैंड की हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस मामले में अपने अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दे दिए हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय से भी म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।

### म्यांमार-थाईलैंड में भारी तबाही

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार दोपहर आए शक्तिशाली भूकंप से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। भूकंप से दोनों मुल्कों में अब तक 144 मौतों की पुष्टि हो चुकी है और 250 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के दो तेज झटके कुछ ही देर के अंदर आए। पहले भूकंप की तीव्रता 7.7 थी। इसके 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का झटका आया। म्यांमार में भूकंप दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास आया। मांडले में दस लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इस क्षेत्र में गृह युद्ध चल रहा है और कई जगहों पर इंटरनेट नहीं है। इसलिए नुकसान का पता लगाना मुश्किल है।

# सीएम ने भरी मीटिंग में 4 अफसरों को किया सस्पेंड

भोपाल।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भरी मीटिंग में 4 अफसरों को सस्पेंड कर दिया। इनमें जवा (रीवा) के तहसीलदार राजेंद्र शुक्ल, नपं मऊगंज के प्रभारी सीएमओ महेश पटेल और नपं मऊगंज के उपयंत्री राजेश प्रताप सिंह शामिल हैं। सीएम ने कहा कि जो काम करना है, उसमें देरी बर्दाश्त नहीं। सीएम ने एफआईआर दर्ज नहीं करने के मामले में सिवनी के टीआई और एसडीओपी को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीएम डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में समाधान ऑनलाइन की बैठक ली। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों की समस्याओं के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं का लोगों को लाभ मिलने में देरी पर नाराजगी जताई। इस वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आईजी, कमिश्नर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही छिंदवाड़ा जिले में कपिलधारा योजना में कुआं बनाए जाने के मामले में पेमेंट नहीं होने पर सचिव को निलंबित किया गया है।

# होटल-रेस्टोरेंट बिल में नहीं लगा सकते सर्विस चार्ज

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि होटल और रेस्टोरेंट अपने बिल में अपने आप सर्विस चार्ज नहीं लगा सकते। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के नियमों को सही ठहराते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना गलत है। इससे ग्राहकों के हक मारे जाते हैं और यह गलत तरीके से व्यापार करने जैसा है। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि सर्विस चार्ज या टिप देना ग्राहक की मर्जी है। इसे जबरदस्ती नहीं वसूला जा सकता। यह पैसा बिल में नहीं जुड़ना चाहिए और इसे ग्राहक की मर्जी पर छोड़ देना चाहिए। सीसीपीए ने जुलाई 2022 में कुछ नियम बनाए थे। इनका मकसद था कि ग्राहकों के साथ गलत व्यवहार न हो और उनके हक सुरक्षित रहें। कोर्ट ने कहा कि ग्राहकों के अधिकार सबसे ऊपर हैं। सीसीपीए ग्राहकों के अधिकारों का रक्षक है और उसके पास नियम बनाने का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सीसीपीए सिर्फ सलाह देने वाली संस्था नहीं है, बल्कि वह ग्राहकों के हक के लिए नियम बना सकती है। नेशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया और फेडरेशन ऑफ होटल्स एंड रेस्टोरेंट असोसिएशंस ने कोर्ट में कहा था कि सर्विस चार्ज लगाने में कुछ भी




गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तरीका पूरी दुनिया में चलता है और इससे ग्राहकों के साथ कोई गलत व्यवहार नहीं होता। उनका कहना था कि सर्विस चार्ज एक पुराना तरीका है और इसे मेनू कार्ड और रेस्टोरेंट में साफ-साफ लिखा जाता है।

### सीसीपीए के नियम पर उठाए सवाल

उन्होंने यह भी कहा कि सीसीपीए के नियम गलत हैं और उनके पास सर्विस चार्ज पर रोक लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उनका कहना था कि सीसीपीए के नियम सिर्फ सलाह के तौर पर होने चाहिए। रेस्टोरेंट मालिकों का कहना था कि सर्विस चार्ज रेस्टोरेंट के कर्मचारियों के फायदे के लिए लगाया जाता है और यह उनका हक है। सीसीपीए का कहना था कि खाने के बिल पर सर्विस चार्ज लगाना गलत है। उनका कहना था कि इसके बदले में ग्राहकों को कोई अलग से सर्विस नहीं दी जाती।

### प्रतापगढ़ में पुलिस पर पथराव, सीओ का सिर फटा

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में निजी अस्पताल में महिला कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत के बाद बवाल हो गया। गुस्साई भीड़ ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची तो भीड़ ने पथराव कर दिया। इसमें 12 पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। सीओ का सिर फट गया। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। फिलहाल, घटनास्थल पर तनाव है। भारी संख्या में फोर्स तैनात है। ग्रामीण भी मौके पर मौजूद हैं। परिजन शव को अस्पताल के सामने रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक पुलिस शव को कब्जे में नहीं ले सकी है।

### 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर खरीद को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड से आर्मी और एयरफोर्स के लिए 156 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' खरीद डील को मंजूरी दे दी। एचएएल को जून, 2024 में 156 हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर मिला था। हालांकि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति से इसे शुक्रवार को मंजूरी दी है। 62 हजार करोड़ रुपए का यह सौदा एचएएल के लिए अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील है। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 90 आर्मी और 60 भारतीय वायुसेना को आवंटित किए जाएंगे।


### मां ने चावल में जहर देकर अपने 3 बच्चों को मार डाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मेडकापल्ले का चेन्नईय्या परिवार राघवेंद्र कॉलोनी, अमीनपुर में रहता है। चेन्नईय्या पिछले कुछ सालों से अपनी पत्नी राजिता और तीन बच्चों के साथ रह रहे हैं। रजिता एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करती हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच झगड़े चल रहे हैं। इस स्थिति में रजिता ने गुरुवार रात चावल में जहर मिला दिया। चावल खाने से उसके तीन बच्चों, साई कृष्णा, मधु प्रिया और गौतम की नींद में ही मौत हो गई। उनके साथ जहरीला चावल खाने वाली रजिता की हालत गंभीर है। चेन्नईय्या ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी राजिता ने बच्चों को जहर दे दिया था।

# 'खून के प्यासे' कविता में गलत क्या: सुप्रीम कोर्ट

## कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी पर गुजरात में दर्ज एफआईआर रद्द

नई दिल्ली



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की तरफ से दर्ज एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दी। यह स्नद्बक्रउनके इंस्टाग्राम पोस्ट 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' कविता को लेकर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने फैसले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए पुलिस और निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, कोई अपराध नहीं हुआ है। जब आरोप लिखित रूप में हों, तो पुलिस अधिकारी को इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए। बोले गए शब्दों का सही अर्थ समझना जरूरी है। कविता में हिंसा का कोई संदेश नहीं है, बल्कि यह अहिंसा को बढ़ावा देती है। जस्टिस ओका ने पुलिस की कार्यशैली पर कहा, संविधान के 75 साल बाद भी पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार तब भी संरक्षित किया जाना चाहिए, जब बड़ी संख्या में लोग इसे नापसंद करें।

### उत्तर पुस्तिकाओं में विद्यार्थियों के अजब-गजब नोट

# मैं तुम्हारी रुक्मिणी...फेल किया तो बद्दुआ दूंगी

## बोर्ड की परीक्षा की कॉपी चेक करने वाले टीचर भी हैरान

अशोकनगर

मध्यप्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि मूल्यांकन के दौरान बच्चों की कॉपी में अजब-गजब उत्तर लिखे गये हैं। कई परीक्षार्थियों ने पास होने के लिए उत्तर पुस्तिका में आग्रह भी किया है। इसे पढ़कर मूल्यांकन कर रहे शिक्षक भी हैरान हैं। बता दें कि प्रशासन की निगरानी में तीन चरणों में बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन चल रहा है। मूल्यांकन के दौरान कक्षा 10वीं की एक छात्रा ने अंग्रेजी की उत्तर पुस्तिका में पास होने के लिए भगवान श्री कृष्ण को ही एप्लीकेशन लिख दिया है। उसने पास करने का आग्रह करते हुए पुस्तिका के नीचे अपने आप को रुकमणी बताते हुये लिखा है



कि मुझे फेल किया तो बद्दुआ दूंगी। नाम ना बताने की शर्त पर कॉपी चेक करने वाले एक टीचर ने बताया कि 10वीं के एक और छात्र ने अंग्रेजी की उत्तर पुस्तिका में लिखा है कि 'सर तेरी कसम पास कर देना, मुझे फेल किया तो बुरी दुआ दूंगा।' वहीं एक दूसरे छात्र ने टीचर को चेतावनी देते हुए लिखा है कि 'दम है तो मुझे पास करके दिखाओ।' एक अन्य छात्र ने तो उसे पास करने के लिए आग्रह करते हुए लिखा है कि 'आप सर हो या मैडम हो, आप सख्त हो या सॉफ्ट हो मुझे पास कर देना, नहीं तो घर वाले शादी कर देंगे।'

### सीबीएसई के तर्ज पर मूल्यांकन

केंद्र के सह मूल्यांकन प्रभारी तारा सिंह यादव ने बताया कि इस बार उन्हें ट्रेनिंग में खास निर्देश मिले हैं। उन्हें बताया गया है कि किस तरह मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को पहले ट्रेनिंग देना है, फिर वह कॉपी चेक करेंगे। वही मूल्यांकन का आधार भाषा का पैमाना होगा, जिसमें यदि किसी प्रश्न में चार कारण पूछे हैं तो उत्तर में यदि दो कारण लिखे हैं तो उन्हें आधे नंबर मिलेंगे। कॉपी चेक करते समय किसी भी तरह का कोई भ्रम पैदा ना हो इसलिए गोला लगाना या फिर नंबर देने के बाद उस पर गोला लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते व महंगाई राहत (डीए व डीआर) में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। इस संशोधन के साथ, डीए और डीआर 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा। इससे कर्मचारियों के वेतन और रिटायर्ड कर्मचारियों के पेंशन में वृद्धि होगी। पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी, जब इसे 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया गया था। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपये होगा। सरकार के इस फैसले से करीब 1.15 करोड़ केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। कैबिनेट के फैसले का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 01 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार इस मद में अतिरिक्त 7,716 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

# मानसिक एवं शारीरिक संतुलन का खेल है फुटबॉल

## विश्व में शहडोल के मिनी ब्राजील विचारपुर की हो रही चर्चा : उप मुख्यमंत्री



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।**

उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शहडोल के मिनी ब्राजील विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सपना गुप्ता, सानिया कुंडे सुहानी कोल सहित अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का वास्तविक खेल फुटबॉल है और फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहडोल के मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है।

उन्होंने कहा कि मिनी ब्राजील विचारपुर के लगभग हर घर में राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश, संभाग का नाम रोशन कर रहे हैं यह विंध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर के बच्चे बचपन से ही फुटबॉल का खेल खेल रहे हैं और फुटबॉल के अलावा कोई भी खेल में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल प्रतिभा निखरना आसान होता है, इसके लिए प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करने के लिए कोच रईस अहमद व अन्य फुटबॉल कोचों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मिनी ब्राजील विचारपुर मैदान को विकसित कर खिलाड़ियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1.50 करोड़ रूपये की लागत से विचारपुर बैगा बस्ती से ज्ञानोदय स्कूल होते हुये खेल मैदान तक रोड कार्य के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि खिलाड़ी बालक-बालिकाओं के लिये अलग-अलग शौचालय का निर्माण, छोटे बच्चों के लिये अलग खेल मैदान तैयार कराया जा रहा है, रात्रि में खेल हो सके इसके लिये रात्रि कालीन लाईट की व्यवस्था, ग्रेडर के माध्यम से बड़े मैदान को व्यवस्थित एवं समतलीकरण कराया गया है, 135 खिलाडियों को ड्रेस किट का वितरण एवं 20 फुटबाल प्रदाय किये गये है। स्टेडियम एवं बाऊण्ड्रीवाल के लिये रिलायन्स फाउण्डेशन एवं एस.ई.सी.एल. को सी.एस.आर. मद से कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। इस अवसर पर विधायक मनीषा सिंह, समाजसेवी अमिता चपरा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, पार्षद, सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी व फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे।



# प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

## विद्यार्थियों का तिलक एवं माला पहनाकर करें स्वागत

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।**

प्रवेश उत्सव के लिए स्कूल मुखियाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। एक अप्रैल को सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। अप्रैल की पहली तारीख को आने वाले विद्यार्थियों का शिक्षक फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करेंगे और उसके बाद उनका दाखिला किया जाएगा। दरअसल, हर साल विभाग की ओर से दाखिलों की शुरुआत प्रवेश उत्सव से की जाती है। एक अप्रैल को आने वाले सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया जाता है इस सत्र से भी विद्यार्थियों के लिए वही प्रक्रिया रहेगी। निदेशालय की ओर से स्कूलों में विभिन्न प्रकार के बैनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी रहेगी। एक अप्रैल को सुबह 8 बजे प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसमें स्कूलों के सभी शिक्षक अपने स्कूल में दाखिला प्रक्रिया संभालेंगे। साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावक भी सम्मानित किए जाएंगे और उन्हें स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी जिससे बच्चे नियमित स्कूल आये तथा संस्था के अनकूल आचरण करते हुए भारत का सुयोग्य नागरिक तैयार हो सके उक्त बात आज शुक्रवार को ए. डी. पी. सी. अरविन्द पाण्डेय नें बैठक मे सभी प्रचार्यो को सम्बोधित करते हुए कहा। पूर्व सूचना के अनुसार ब्योहारी विकास खण्ड के सभी प्रचार्य बैठक मे उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं को सायकल प्राप्त हो चुके, छात्रवृत्ति एवं एम. पी. टॉस के जो भी कार्य शेष बचे है उन्हें 3 दिन के भीतर पूर्ण करने एवं अपार आईडीछात्रों की अंकसूची मे दर्ज करने लिए कहा गया है। सन 2025-26 का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है जिसमे अपनी संस्था मे जनप्रतिनिधियों एवं उस गांव के प्रमुख ब्यक्तियों को आमंत्रित करने के लिए कहा गया है साथ ही संस्था को वंदनवार से रंगोली बना कर संस्था को सजाने और प्रवेश उत्सव को विशेष महत्व देते हुए सम्पन्न करने के लिए कहा गया है। उक्त बैठक मे प्रचार्य पी. एल. मिश्रा, एस. के. शर्मा, आर. डी. प्रजापति एवं रवि द्विवेदी सहित विकास खण्ड ब्योहारी के सभी प्रचार्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने जिले की संबल योजना की हितग्राही मुन्नू ढीमर से किया संवाद

## मुख्यमंत्री ने किया सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया। सिंगल क्लिक के माध्यम से शहडोल जिले के 448 हितग्राहियों को 9 करोड़ 52 लाख रूपये की राशि का अंतरण किया गया।

अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वर्चुअली रूप से चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअली रूप से हितग्राहियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले की हितग्राही मुन्नू ढीमर से संवाद किया तथा उनके लिए संवेदना भी व्यक्त की। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुन्नू ढीमर से उनके परिवार की जानकारी ली तथा पति की मृत्यु किस कारणवश हुई इसकी भी जानकारी ली। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने मुन्नू ढीमर की पुत्री सपना ढीमर एवं मधु ढीमर से भी चर्चा की तथा उनसे शिक्षा अध्ययन के बारे में जानकारी ली तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात भी कही। इस दौरान एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ केदार सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सोहागपुर हीरावती कोल, अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल, श्रम निरीक्षक शहडोल चरणा गुप्ता सहित काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### दिव्यांश पयासी ने 8वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाकर बढ़ाया माता-पिता गौरव

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** लॉरेंस शाईन स्कूल के 14 वर्षीय होनहार छात्र दिव्यांश पयासी ने अपने विद्यालय राज्य शिक्षा केंद्र के आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर समूचे नगर सहित अपने विद्यालय, शिक्षक व माता-पिता का मान-सम्मान बढ़ाने का प्रशंसनीय व सराहनीय कार्य किया है। दिव्यांश पयासी ने अपने मेहनत व लगन से राज्य शिक्षा केंद्र के आयोजित 8 वीं वार्षिक बोर्ड परीक्षा में कुल अंक 600 में 558 अंक हासिल कर 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल कर कीर्तिमान प्राप्त किया है। बता दें कि छात्र दिव्यांश पयासी के पढ़ाई के प्रति लगनशीलता से हासिल इस प्रशंसनीय कार्य में उनके माता-पिता स्मृति दिवाकर पयासी और स्कूल की डायरेक्टर दुर्गा शुक्ला, प्राचार्य सीमा तिवारी, विजय तिवारी, रावेंद्र सिंह, भास्कर मिश्रा, मानस एवं सभी शिक्षकों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है।



# आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सौंपा ट्रांसमिशन एसपीव्ही

## 1230 मेगावॉट विद्युत पारेषण के लिये विंध क्षेत्र में बनेंगे 400 के.व्ही. के दो सबस्टेशन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।**

मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन वर्षों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी, इस हेतु बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आर.ई.सी. ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एस.पी.व्ही. सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पावर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है। पारेषण अद्योसंरचना होगी विस्तारित एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था, उक्त हेतु मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2/800 मेगावॉट क्षमता के पावर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। उक्त पावर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अद्योसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एस.टी.यू. से अनुरोध किया गया था, जिसके तहत शासन ने निविदा प्रक्रिया समन्वयक (बी.पी.सी.) के लिये आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल. (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड) को नियुक्त किया। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली (टी.बी.सी.बी) में मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2000 करोड़ रूपये की इस परियोजना को अन्य बिडर्स के मध्य न्यूनतम दर के आधार पर हासिल करने में सफलता प्राप्त की। श्री चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि तमाम वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं मेसर्स अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मध्य पारेषण सेवा अनुबंध (ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित हुये, जिसके तहत विंध क्षेत्र में टी.बी.सी.बी. में 400 के.व्ही., 220 के.व्ही. एवं 132 के.व्ही. की विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों सहित दो 400 के.व्ही. के सबस्टेशन रीवा (सगरा) एवं अमरपाटन में स्थापित किये जाने है।



# अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मारव्या के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में अवैध विनिर्माण संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी वृत डिंडौरी एवं समनापुर के द्वारा ग्राम अण्डई सुंदरपुर देवलपुर एवं डिंडौरी में किराना दुकान अंडा दुकान ढाबा और रिहायशी मकान जैसे अलग.अलग स्थानों पर तलाशी लिए जाने पर 34.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब 24 पाव जीनियस रम 158 पाव जीनियस व्हिस्की वह 49 पाव देशी मदिरा प्लेन मिलने से 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में देशी मदिरा 9 लीटर विदेशी मदिरा 33 लीटर हाथ भट्टी शराब 34.5 लीटर जप्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 35100.रूपये है। उक्त कार्यवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी एमणआर उईके डिंडौरी वृत प्रभारी एस.एस धुर्वे आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया मनीष उईके एवं करिशमा सलामे मौजूद रहे।

# सिंगल क्लिक से जिले को प्रदान की गई 5 करोड़ 80 लाख अनुग्रह सहायता राशि

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।**

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के ने आज प्रदेश के 23 हजार 162 से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण कर हितग्राहियों से संवाद भी किया। जिसमें डिंडौरी जिले के 274 श्रमिक परिवारों के खाते में 5 करोड़ 80 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई। उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वेए डिंडौरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकामए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या सहित श्रमिक हितग्राही और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि रोटीए कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैंए जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूतिए बीमारीए दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण ;संबलद्ध योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 550 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने पांच हितग्राहियों से वर्चुअली बातचीत कर उनके परिजन के अवसान पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों नगर निगमों नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉण् यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही हमारी प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में अच्छा कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार में सुख के सूरज का उदय हो और आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता. पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है।

# बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह डॉण् निवेदिता शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में किशोर न्याय बोर्ड सागर के सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौर डीएसपी अजाक श्रीमती महंती नागेन्द्र चैरसिया श्रीमती शिखा राय श्रीमती माधुरी बिलैया केहर सिंह वर्मे श्रीमती आभा तिवारी रामेन्द्र तिवारी सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें मदरसोंए बालगृहों और शिशुगृहों की स्थिति की समीक्षा भी की गई। जिले में संचालित मदरसों बालगृहों और शिशुगृहों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। यह सुनिश्चित किया गया कि इन संस्थानों में बच्चों को उचित देखभाल शिक्षा और सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं।

जिले में दर्ज पॉक्सो मामलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके तहत पीड़ित बच्चों को दी जा रही राहत राशि और उनके पुनर्वास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिले में संचालित छात्रावासों और बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं को प्राप्त बजट और उसके उपयोग की समीक्षा की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चों को आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं। आरटीई अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए और बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पात्र बच्चों को समय पर लाभ मिले। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत स्वीकृत मामलों की समीक्षा की गई। यह योजना उन जरूरतमंद बच्चों के लिए हैए जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है। बैठक में योजना को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने विशेष किशोर पुलिस इकाई ;श्रच्न्द्ध की भूमिका और उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाल संरक्षण के मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करें। बैठक में पॉक्सो अधिनियम के प्रचार.प्रसार पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि अधिक से अधिक लोग इस कानून के बारे में जागरूक होंए ताकि बाल अपराधों को रोका जा सके। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। आयोग के सदस्यों ने जिले में बाल अधिकारों की रक्षा और कल्याण के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने की सलाह दी।



बैठक में आयोग के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को नशा इत्यादि से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और उक्ताशय से जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करायें। साथ ही जिले में संचालित स्कूलए कॉलेजों के आसपास 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ विक्रय करने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगायें। उन्होंने कहा कि जिले के बालग्रहों का प्रतिमाह सतत रूप से निरीक्षण करेंए बच्चों की देखरेख करें और पुलिस बच्चों से बातचीत करने ड्रेस में न जाएं।

बैठक में आयोग के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को नशा इत्यादि से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और उक्ताशय से जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करायें। साथ ही जिले में संचालित स्कूलए कॉलेजों के आसपास 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ विक्रय करने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगायें। उन्होंने कहा कि जिले के बालग्रहों का प्रतिमाह सतत रूप से निरीक्षण करेंए बच्चों की देखरेख करें और पुलिस बच्चों से बातचीत करने ड्रेस में न जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत ऐसे बच्चे जो अनाथ हैंए उन्हें बाल कल्याण की जिला स्तरीय समिति को सुपुर्द करेंए जिससे उन्हें शासन की संबंधित योजनाओं से लाभांवित किया जा सके। साथ ही सजा काट रहीं माताओं के बच्चों के सरंक्षण हेतु बाल कल्याण समिति के सदस्य सतत रूप से निगरानी रख देखरेख करें।

# अंधेरे में मादा तेंदुआ को कुंडम के जंगल में छोड़ा





## ओएफके कर्मचारी पर किया था हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) की एक मैग्जीन डिपो घुस आई मादा तेंदुए को रेस्क्यू के बाद सुरक्षित जंगल में जोड़ दिया गया है। वन विभाग की टीम ने देर रात मादा तेंदुए को जंगल में छोड़ने के बाद राहत की सांस ली। वहीं पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन पर वन विभाग के आला अधिकारी भी नजर बनाए हुए थे। इधर निर्माणी से तेंदुए का रेस्क्यू होने के बाद ओएफके कर्मचारियों ने भी राहत महसूस कर रहे हैं। हालांकी ऐसा बताया जा रहा है कि उक्त मादा तेंदुआ के साथ बच्चे भी देखे गए थे, लिहाजा निर्माणी के अमले को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया कि ओएफके की मैग्जीन में छुपे मादा तेंदुए को वेटरनरी चिकित्सक के सहयोग से ट्रैकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। जिसके बाद तेंदुए को गुरुवार की शाम वेटरनरी कॉलेज स्थित वाइल्डलाइफ सेंटर में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा मादा तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसके बाद आला अधिकारियों के निर्देश पर मादा तेंदुए को कुंडम के घने वन्य क्षेत्र में छोड़ दिया गया। इस ऑपरेशन को देर रात अंजाम दिया गया,क्योंकि ट्रैंक्यूलाइज (बेहोश) करने के दौरान दी गई दवा का असर जब तक खत्म नही हो गया उसे छोड़ा नहीं जा सकता था।

### एक्टिव होने पर पिंजरे से निकाला

रात करीब 3 बजे जब मादा तेंदुआ पूरी तरह से एक्टिव हो गई उसके बाद ही उसे पिंजरे से बाहर निकाला गया। वन विभाग की टीम अभी कुछ दिनों तक उक्त क्षेत्र में विशेष नजर रखेगे। वहीं तेंदुए की मूमेंट को दर्ज किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार की सुबह ओएफके के एफ -6 सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी सुबोजित रॉय पर मादा तेंदुआ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद मादा तेंदुआ ने एक मैग्जीन (भंडारगृह) में शरण ले ली थी। ऐसा माना जाता है कि मादा तेंदुआ ओएफके की दीवार फांदकर अंदर आयी थी।

### अब बढ़ेगी तेंदुआ फैमिली

मादा तेंदुआ को कुंडम वन परिक्षेत्र के जंगल में छोड़ जाने की खबर से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है। यहां पहले से जंगली जीव मौजूद हैं और अब मादा तेंदुआ को छोड़ने के बाद डर बढ़ गया है। यहां पूर्व में नर तेंदुआ देखा जा चुका है मादा के आने के बाद तेंदुआ फैमिली बढ़ सकती है।



# बरगी की वादियों में झील महोत्सव का आयोजन

## 5 से 20 अप्रैल तक वॉटर और एयर स्पोर्ट्स का ले सकेंगे आनंद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गर्मी की छुट्टियों में बरगी की वादियों में आयोजित होने वाले झील महोत्सव बच्चों के लिए रोमांचक होने वाला है। वे वाटर स्पोर्ट्स, एयर स्पोर्ट्स व लैंड स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकेंगे। इस सबके बीच आयोजकों के सामने पर्यटकों को गर्मी से बचाने की चुनौती होगी। दरअसल इस बार का झील महोत्सव समर स्पेशल होने वाला है। तापमान बढ़ने के साथ दिन में गरम हवा लोगों को अभी से झुलसाने लगी है। इसे देखते हुए सुबह व शाम को 3-3 घंटे स्पोर्ट्स के आयोजन का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद झील महोत्सव का आयोजन करने जा रहे हैं। उनके सामने फंड को लेकर भी चुनौती है। दरअसल 9 साल पहले झील महोत्सव के आयोजन के लिए जबलपुर को शासन से 2 करोड़ रुपये का फंड मिला था। लेकिन इस बार आयोजन के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड से केवल 25 लाख रुपये की राशि ही मिली है।

**सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा रोमांचः**-झील महोत्सव मंडला जिले की सीमा के अंतिम गांव देवरी बकई के नर्मदा व्यू में आयोजित होगा। पर्यटक यहां क्रूज पर नाइट सफारी और हाउस बोट का लुत्फ उठा सकेंगे। बरगी बांध पर दो क्रूज चलाए जाएंगे जो पर्यटकों को एक घंटे बांध में नौका विहार कराएंगे। इस दौरान नगर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। क्रूज पर स्वादिष्ट व्यंजन की भी व्यवस्था की जाएगी। जल विहार के लिए एक हाउस बोट पर बरगी बांध में उतारा जाएगा जो खास अनुभव कराएगा।

### इन्होंने कहा

समर सीजन को देखते हुए झील महोत्सव में स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन सुबह-शाम के समय 3-3 घंटे किया जाएगा, जिससे की पर्यटकों को गर्मी के कारण किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

**- हेमंत सिंह, सीईओ पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद**

# बीसा फार्म पर क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीसा), जबलपुर और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीसा फार्म पर जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना के अंतर्गत एक क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक (कृषि) केएसनेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पंकज कुमार और स्टेशन कोऑर्डिनेटर डॉ. महेश मास्के के नेतृत्व में किया गया, जबकि मेजबानी डॉ. विवेक सिंह और तकनीकी सहायक राहुल कुमार मौर्या ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों और खरीदारों को एक मंच पर लाकर उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उन्हें बाजार से सीधे जोड़ना था। बैठक में किसानों और खरीदारों के बीच अनाज की बिक्री के लिए सीधी बातचीत हुई, साथ ही बिचौलियों के प्रभाव को कम करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड, मंडी सचिव, मंडी के व्यापारी, पीडी आत्मा, डीडीए (कृषि) और विभिन्न कंपनियों के खरीदार भी मौजूद रहे।

# गदा यात्रा के पूर्व हुआ हनुमान चालीसा पाठ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा इस वर्ष भी हिन्दू नव वर्ष एवं संगठन की स्थापना दिवस पर होने वाली 31 मार्च को गदा यात्रा के पूर्व नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जैसवानी ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ इसलिए करना चाहिए कि हनुमानजी को मनाने के लिए सबसे सरल उपाय है हनुमान चालीसा का नित्य पाठ। हनुमानजी की यह स्तुति सबसे सरल और सुरीली है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा बहुत प्रभावकारी है। इसकी सभी चौपाइयां मंत्र ही हैं। जिनके निरंतर जप से ये सिद्ध हो जाती है और पवन पुत्र हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। पाठ में गौरव साहू, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली, दीपक विश्वकर्मा, अभिषेक अहिरवार, रवि कुशवाहा,अतुल कुशवाहा, विशाल चौहान, अंकुश चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।



# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय एवं श्री राम एनवायरमेंट सोशल सर्विस एसोसिएशन संस्था के संयुक्त तत्वाधान में समर में कैसे करें हेयर केयर इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हेयर विशेषज्ञ अभिषेक गुरुजी के द्वारा छात्र-छात्राओं को समर में हेयर केयर उन्होंने कहा कि आप जब भी हेयर कट करने के लिए जाए तो अपने बालों को जरूर धोएं और गर्मी का सीजन आ गया है इस मौसम में बहुत ज्यादा पसीना निकलता है तो कोशिश करें कि प्रत्येक दिन आप बालों को साफ करें, जो बच्चे इस फील्ड में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें ब्यूटी मेकअप और हेयर के क्षेत्र में कैसे करियर बना सकते हैं इसकी विस्तुत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रो अरुण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी, रोजी मेडम, अनुराधा तिवारी, डॉ अंकिता सेठी, डॉ रंजना जैन, डॉ श्रद्धा कनौजिया, डॉ महेन्द्र कुमार कुशवाहा, बबीता ठाकुर, राधा सेनी के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## सीए अखिलेश जैन फिर गेल के निदेशक बने

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत सरकार की महारत्न कंपनी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में भाजपा मप्र के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रस्ताव पर सर्च कमेटी के अनुमोदन पर अप्वाइंटमेंट कमिटी आफ केबिनेट द्वारा एक वर्ष के लिए पुनः स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। सीए अखिलेश इसके पूर्व गेल (इंडिया) लिमिटेड में 5 अन्य स्वतंत्र निदेशकों के साथ 3 वर्ष स्वतंत्र निदेशक रह चुके हैं एवं उनमे से 3 को पुनर्नियुक्त किया है।



# सरयू की तर्ज पर नर्मदा घाटों का होगा उन्नयन, पुनर्निर्माण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को अयोध्या में सरयू नदी पर बने घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, विभागीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत पोल, विशेष सहायक राहुल सिंह राजपूत, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डीपीआर तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने सरयू नदी पर नवनिर्मित घाटों की स्थापत्य कला, रामपथ, राम की पैड़ी, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, म्यूरल वर्क और पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान इन अधिकारियों ने सरयू तट पर पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओंए श्रद्धालुओं के लिए निर्मित व्यवस्थाओंए भगवान राम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को सचित्र रूप से दिखाने के लिए निर्मित म्यूरल वाल्स पर विस्तार से जानकारी दी।

# मां बड़ी खेरमाई मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऐतिहासिक श्री बड़ी खेरमाई मंदिर के सैकड़ों वर्षों की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मां जगदम्बा श्री बड़ी खेरमाई माता का वैदिक रीति से पूजन आराधना का आयोजन बुधवार 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र को परंपरानुसार धूमधाम 52 वां से पीठ शक्ति मनाया हैं जाएगा। खेरमाई गुप्त बड़ी देवी पुराण में वर्णित 52 वे शक्तिपीठ पंचसागर शक्तिपीठ के रूप में मान्यता है। आठ सौ वर्ष पूर्व के कल्चुरि क्षत्रिय राजाओं के शिलालेख के अनुसार बड़ी खेरमाई मंदिर पञ्च सरोवर गुप्त शक्तिपीठ के रूप में 52वीं शक्तिपीठ हैं। इस स्थान पर देवी का निचला जबड़ा गिरा था। इस स्थान पर देवी को वरही के नाम से जाना जाता है जो समय काल में अपभ्रंस होकर बड़ी खेरमाई के रूप में जाने जाना लगा। उपरोक्त जानकारी मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शरद अग्रवाल, उपाध्यक्ष नलिनकांत बाजपेयी, आशीष त्रिवेदी, परमानंद तिवारी, सुरेश आहूजा, शशिकांत मिश्रा, सचिव राहुल चौरसिया, जयकान्त उपाध्याय, अनिल पाल, महेंद्र जांगडे ने दी।



## पान टपरे से सामान चुरा ले गये चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थानातंर्गत महाराजपुर रिछाई मोड़ पर रामगोपाल साहू के पान टपरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सामग्री व नगदी चुरा ले गये। पुलिस ने बताया कि गौतम नगर महाराजपुर निवासी रामगोपाल साहू बीती रात साढ़े दस बजे अपना पान टपरे पर ताला लगाकर घर चला गया था। दूसरे दिन ताला टूटा हुआ था। टपरे के अंदर रखे राजश्री, गुटखा, सिगरेट, पान बहार, सुपारी तथा कुछ नगदी रूपये कुल कीमती लगभग 15 हजार रूपये का सामान गायब था।

# व्हीएफजे में विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में आज सभी ग्रुप ए अधिकारियों के लिए विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन और क्रियान्वयन पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यशाला में राजभाषा पर व्याख्यान कमलेश कुमार महाप्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी ने दिया। उन्होंने राजभाषा नीति के अलावा भाषा की उत्पत्ति, सिद्धांत, उसकी सांस्कृतिक विरासत इत्यादि के विषय में भी अपने विचार रखे। उल्लेखनीय की व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर को पिछले तीन चार वर्षों से लगातार राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। इसमें निर्माणी के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। निर्माणी में राजभाषा की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था।




**Change of Name**

I, Kenny Bharat Kumar Shah Spouse of Tejas Doshi R/o C/o Tejas Doshi 1057, Doshi Niwas Golbazar, Jonsenganj Jabalpur PO. Jabalpur Distt. Jabalpur Madhya Pradesh 482001 have change my previous Name Kenny Bharat Kumar Shah as per Passport to my Present Name Kenny Doshi as per My Adhar Card No. 3876 8371 3603. Henceforth, I recognized and known as Kenny Doshi for all Future Purposes. That Kenny Bharat Kumar Shah and Kenny Doshi is same and One Identical for all future purposes.


# शबे कद्र में हुई दस्तारबंदी, अलविदा जुमा की नमाज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गतरात्रि शबे कद्र के मौके पर विगत 32 वर्षों से आयोजित जश्ने दस्तार बंदी में मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में शहर की मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया। समिति के सरपरस्त मतीन अंसारी ने हाफिज साहिबान को तोहफे पेश किये। इस मौके पर सूफी मेराज बाबा जमाली, मौलाना ईनाममुल हक कादरी, मुफ्ती नईम अख्तर मिश्वाही, मौलवी रियाज आलम मुहम्मदी, विशेष अतिथि रहे। आयोजन की निजामत मौलाना चांद कादरी ने की, और अंत में आभार प्रदर्शन समाज सेवी मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ़ इकबाल, अफ़रोज़ अंसारी, गुड्डू बाबा, कुतबुददीन, शोएब भाई आदि ने किया। रमजान शरीफ के अलविदा जुमे पर नगर एवं उपनगर की 100 से ज़्यादा मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की गईद्य सभी मस्जिदों में हज़ारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की और दुआए मांगी। अलविदा जुमे के मौके पर मस्जिदों में रमजान शरीफ का खुतबा और अलविदा पढ़ी गई।

## कुरैशी परिवार ने मांगी शांति की दुआ

मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते प्रतिवर्षानुसार 27वं रोज़े को रामपुर स्थित कल्याण भवन में हाजी निज़ामुद्दीन कुरैशी, हाजी मुईनुद्दीन टीपू कुरैशी के संयोजन में तथा मुफ्ती ए आजम मप्र मौलाना मुशाहिद रज़ा, मौलाना कौसर रब्बानी की विशिष्ट अतिथि में स्व. अब्दुल अजीज कुरैशी की स्मृति में विशाल आम रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। अफ्तार में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा की और देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की। रोज़ा अफ्तार में पार्षद दिनेश तामसेतवार, शैलेश राजपाल, शिव केशरवानी, आबिद खान, हाजी इमामुद्दीन, हाजी तौसीफ रज़ा, हाजी मुईन खान, डॉ. सुहेल सिद्दीक़ी, राशिद सुहेल सिद्दीक़ी, हाजी अब्दुल रहमान, मसरुर वली, हाजी असलम पहलवान, हाजी नजर पहलवान, हाजी हन्नु पहलवान, हाजी शकील, हाजी कदीर पहलवान, मतीन अंसारी, मजहर उस्मानी, नदीम खान, सोनू फरान, मौलाना अब्दुला सिद्दीकी, पप्पू वसीम खान, पार्षद गुड्डू नबी, नवेद नाजिम, हाजी सब्बन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**निविदा सूचना**

(6TH Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | न.नि.ज./प्रकाश / 2024-25/12/पी.आर.ओ./694 दिनांक 28/03/2025 | SITC of Side Lighting work at zone No. 07, Ward No. 60 Kanchanpur Jabalpur | 3 माह एवं 519857/- | 2000/- एवं 5199/- | 15/4/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No. /PWD/e-tendering / PRO / 692 Date 28.03.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_412969_1 01/04/2025 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह वार्ड में दुर्गा नगर बस्ती हाईकोर्ट कालोनी एवं नेशनल कालोनी में सड़क निर्माण कार्य । | 2 माह रुपये 4.37 लाख | 2000/- 4372/- | 30.04.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री,(लोककर्म विभाग) नगर निगम जबलपुर**

# जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन जन अभियान के रूप में किया जाएगा : कलेक्टर

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



जल गंगा संवर्धन अभियान जन सहयोग से संचालित होने वाला अभियान है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। अभियान को जन अभियान बनाने के लिए जिले भर में व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। आम जन को पानी के महत्व तथा जल संरक्षण के तरीको की जानकारी दी जाए। यह निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संचालन हेतु आयोजित बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अखिलेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मरावी, उप संचालक किसान कल्याण संग्राम सिंह मरावी , जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला सहित उद्योग, उद्यानिकी, लोक स्वा. यांत्रिकीय, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्वयं सेवी राकेश शर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, योगेश खंडेलवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि सभी विभाग शासन व्दारा सौंपे गये दायित्वों के अनुरूप अपनी कार्य योजना तैयार करें तथा अमल मे लाएं। आपनें कहा कि जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण एक दूसरें के पूरक कार्य है। इन कार्यो के साथ साथ वृक्षारोपण के भी स्थानीय जलवायु के अनुकूल नर्सरी तैयार करनें, वृक्षारोपण हेतु स्थानों का चिन्हांकन करने तथा गढढा खुदाई आदि का कार्य भी किया जाए।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी शासन व्दारा विभिन्न विभागों को सौंपे गये दायित्वों की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। आपने कहा कि अभियान के दौरान नये सरोवरों का निर्माण, पुराने जल स्रोतो का जीर्णोध्दार, कुआं, बावली, बावडियो का पुनरोध्दार, वाटर हार्वेस्टिग, घाटों की मरम्मत एवं जीर्णोध्दार, जल स्रोतो का शुध्दीकरण, नहरों की साफ सफाई तथा टेल इंड पर उनके लंबाई संबंधी बोर्ड लगाना, जल स्रोतों में पानी की आवक बढाने के लिए अवरोधों को दूर करना, जल स्रोतो के आस पास के अतिक्रमण को हटाना तथा राजस्व रिकार्ड में दर्ज करानें का कार्य किया जाएगा। इस कार्य हेतु जल दूत एवं अमृत मित्र बनाये जाएंगे जिनका पंजीयन माय भारत पोर्टल में किया जाएगा। पानी चौपाल तथा निबंध लेखन, पोस्टर बैनर, दीवार लेखन, रंगोली आदि के माध्यम से जन समुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान से जोडने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर चंदिया निवासी राकेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## नेशनल लोक अदालत में कर जमा कराकर अधिभार में छूट का लाभ उठावें

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को 31 मार्च 2025 तक जारी रखने के निर्देश दिये गये है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने नगर के समस्त नागरिकों से कहा है कि नगर पालिका कार्यालय में जलकर, सम्पत्तिकर, उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार में छूट का लाभ उठावें। उन्होने बताया कि नगर पालिका कार्यालय 31 मार्च 2025 तक अवकाश दिवसों में भी खुला रहेगा।

## ज्योति शुक्ला बनाई गई चंदिया नगर निरीक्षक

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कार्य. निरी. ज्योति शुक्ला रक्षित केन्द्र को थाना प्रभारी चंदिया बनाया गया है वहीं कार्य.निरी. भानू प्रताप सिंह भवेदी थाना चंदिया को रक्षित केंद्र उमरिया का प्रभार सौंपा गया है।



## एसडीएम पाली ने ग्राम मलहदू में गौशाला का किया निरीक्षण

### गौशाला को बेहतर ढंग से संचालित करनें के दिए निर्देश

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अनुविभागीय अधिकारी पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने पाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मलहदू स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुछ गाय अस्वस्थ्य पाई गई जिसके संबंध में व्हीईओ पाली को नियमित रूप से गौशाला का निरीक्षण एवं वहां पल रही गायों का स्वा. परीक्षण करनें के निर्देश दिए गए। इसी तरह गौशाला की गायो के आहार व्यवस्था, गौशाला की साफ सफाई के संबंध में भी सीईओ जनपद पंचायत पाली को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खो खो राज्य स्तरीय कार्यक्रम जबलपुर में संपन्न



उमरिया(स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश खो खो संघ के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता (पुरुष/महिला)का आयोजन जबलपुर में 28 मार्च तक गया जिसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश की टीमें भाग लीं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहली बार जिला उमरिया की टीम चयनित कर प्रतियोगिता में भेजी गई हैं मध्य प्रदेश खो खो संघ के महासचिव आदरणीय संजय यादव जी के निर्देशन में यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र व्यायाम शाला व श्रीनाथ की तलैया जबलपुर में आयोजित की जा रही हैं। जिसकी चयन प्रतिस्पर्धा दिनांक 20 मार्च को नगर पालिका स्टेडियम उमरिया में आयोजित की गई हैं जिसमें जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के मानपुर, नौगांव, बेहाल्ड, पाली, करकेली व उमरिया नगर के महिला/पुरुष वर्ग के खिलाड़ी भाग लिए। प्रतियोगिता में उमरिया की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर आयोजकों व दर्शकों का दिल जीत लिया पहली बार भाग ले रही टीम में ऊर्जा आत्मविश्व व मनोबल की कोई कमी नहीं रहीं जिसके कारण अपने उच्च प्रदर्शन पर सभी को मोहित करती रही।

टीम के कोच भागवत प्रसाद पटेल मानपुर व बालिका वर्ग में शैली शुक्ला ने बताया के इस वर्ष के प्रदर्शन को देखते हुए अगले वर्ष हमारी टीम निश्चित ही पदक प्राप्त कर वापस आएगी टीम में आर सी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया की 7 बालिका खिलाड़ी चयनित की गई हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर जिला खेल अधिकारी श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री शेख सलीम मुकेश झारिया शिवम सोधिया राहुल बर्मन आकाश बर्मन प्रकाश कुशवाहा शिव प्रताप पाल आदि खेल प्रेमियों ने बधाई दी हैं व खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



सात दिवसीय विशेष शिविर 2025 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आर.व्ही..पी.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया (प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय सेवा योजना दिनांक 27 मार्च 2025 विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिवस की सुबह अधिनायक शिवा सिंह सिंगर के द्वारा विसल बजाकर प्रारंभ हुई। शिविर के अंतिम दिवस में सभी शिव आरती उत्साह और संवेदना के मिश्रित अनुभव को अपने हृदय में संभाल कर सभी ग्राम वासियों के बीच प्रभात फेरी के लिए माध्यमिक विद्यालय से निकले और सारे गांव का चक्कर लगाकर भजन कीर्तन कर माध्यमिक विद्यालय परिसर में वापस लौटे और रोल कॉल पर उत्कृष्ट अनुशासन का परिचय देते हुए एकत्र हुए। विशेष शिविर के अंतिम दिवस पर योग अधिकारी जितेन्द्र कुमार के द्वारा सूर्य नमस्कार, कुंभक, वज्रासन, प्रारंभिक धनुरासन, शवाशन और व्यायाम का अभ्यास और विश्लेषण अपने निर्देशन में सभी शिवरार्थियों के साथ सूर्य को नमन करते हुए योग और व्यायाम सम्पन्न किया।

सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविन्द साह बरकड़े, सह कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार और कोर टीम के सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकों ने स्वल्पाहार बनाया और सामूहिक स्वल्पाहार किया।परियोजना कार्य के दौरान ग्राम पंचायत उजान का सर्वेक्षण समूह क्रमांक 1 और 2 के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया तत्पश्चात माध्यमिक विद्यालय उजान में श्रम दान किया गया और परियोजना कार्य को सम्पन्न किया गया। दीक्षांत समारोह का आरम्भ रोल कॉल की व्हिसिल के साथ हुआ कार्यक्रम में पी0 एम0 कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शा0 आर0व्ही0पी0एस0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया की प्राचार्य महोदया डॉ0 विमला देवी मरावी ने कहा जीवन में अनुशासन का बहुत बड़ी भूमिका होती है और राष्ट्रीय सेवा योजना में इसी गुण को पुरजोर तरीके से मानव जीवन में ढालना सिखाया गया है, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अरविन्द साह बरकड़े ने संस्था प्रमुख, प्राध्यापक गण और ग्राम पंचायत उजान के सरपंच को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को आभार प्रकट किया, सह कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक श्री संजीव शर्मा ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर जिस सफलता के साथ संपन्न हुआ उनकी अपेक्षाओं से भी कई अधिक मेहनत, श्रम, और अनुशासन के साथ सभी शिविरार्थियों ने अपने उद्देश्यों को पूर्ण किया, डॉ0 पी0डी0 रावत ने कहा कि धूप बुरी या छाया अच्छी नहीं होती छांव का महत्व धूप से ही होता है इसीलिए सभी प्रकार के अनुभव जीवन में अपना अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते है, डॉ0 रमेश प्रसाद कोल, श्री सतीश कुमार वर्मा, डॉ0 देवेश कु0 अहिरवार, डॉ0 तुलसी रानी, श्री राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने अपनी अपनी शुभकामनाएं स्वयंसेवकों को ज्ञापित किया, मंचासीन रहे प्राचार्य महोदया द्वारा सभी शिविरार्थी स्वयंसेवकोंध् स्वयंसेविकाओं को प्रमाण - पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार वितरित किए गए तत् पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का औपचारिक समापन अधिनायक शिवांश सिंह सेंगर और याशिका श्रीवास्तव द्वारा शासन का ध्वज उतार कर संस्था प्रमुख प्राचार्य महोदया डॉ0 विमला देवी मरावी को सौंपा गया, एतद प्राचार्य महोदया द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अरविंद शाह बरकड़े को सौंपा गया और राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का औपचारिक समापन किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा उमरिया जिले में मनाया गया हरित संगम

## पेड़ लगाएं, जल बचाएं, पॉलिथीन घटाएं हरित भविष्य की ओर एक कदम

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा उमरिया जिले के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में हरित संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ केसी सोनी सिविल सर्जन जिला अस्पताल उमरिया, विशिष्ट अतिथि विजय अग्रवाल विभाग संघचालक शहडोल, मुख्य वक्ता डॉ अभय पांडे जी वरिष्ठ अध्यापक आदर्श महाविद्यालय उमरिया, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश शर्मा अध्यक्ष प्रयासम फाउंडेशन चंदिया, मातृ शक्ति ज्ञानेश्वरी कुशवाहा और कथावाचक श्रीकांत तिवारी मंचसीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत मां की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन के साथ में किया गया, साथ ही तुलसी माता का पूजन किया गया, इसके पश्चात शांति मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जन अभियान परिषद के छात्राओं के द्वारा पर्यावरण गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि डॉ के सी सोनी जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर प्रकाश डालते हुए कैसे उसके रोकथाम पर कार्य किया जाए, इस विषय के बारे में बताया गया। उसके पश्चात विभाग संघचालक माननीय विजय जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की रूप रेखा को बताते हुए चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ अभय पांडे जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के रोकथाम के लिए कैसे कार्य किया जाए और आगामी दिनों में समाज के समस्त जाति पंत मिलकर इस की योजना बनाकर पेड़ लगाए, जल बचाए, प्लास्टिक घटाए, इन तीनों आयाम में कार्य करना है। इस विषय पर वृहत चर्चा की गई। एनजीओ से राकेश शर्मा जी के द्वारा अपना अनुभव बताया गया कि वह कथली नदी के पुनरुत्थान के लिए कैसे कार्य किया इस विषय पर बताया गया। मातृ शक्ति श्रीमती ज्ञानेश्वरी कुशवाहा जी के द्वारा अपने कार्य अनुभव बताया कि वह पिछले 5 वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं है और विशेष रूप से मुनगा की खेती के लिए कार्य कर रही है। इसके पश्चात उमरिया जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष कार्य कर रहे पर्यावरण योद्धाओं का सम्मान पत्र और शाल श्री फल से सम्मान किया गया जिसमें जिले से मुख्यरूप से 11 पर्यावरण योद्धाओं जिनमें डॉ नागेंद्र सिंह तिवारी, राजेश पांडे, मनोज कुशवाहा, प्रयासम फाउंडेशन चंदिया, उत्सव ग्रामीण विकाश सेवा संस्थान मानपुर, गायत्री कुशवाहा, पैगाम फाउंडेशन उमरिया, ठाकुर राम साहू, ज्ञानेश्वरी कुशवाहा, विनीता भिवानिया, युवा हिमांशु तिवारी जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला सह संयोजक दीपक नामदेव जी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया, और कल्याण मंत्र के पश्चात कार्यक्रम को विराम दिया गया।

## प्रशिक्षण में क्लब फुट से ग्रसित 10 बच्चों का किया गया इलाज



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में क्लबफुट (मुड़े पैर ) बीमारी से ग्रसित बच्चो के इलाज हेतु जिले के डॉक्टरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण में शहडोल एवं जिले डॉक्टर कैलाश चंद सोनी सिविल सर्जन उमरिया हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. एलएन रूहेला हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ अरविंद अंबेडकर हड्डी रोग विशेषज्ञ शहडोल, जय कुमार ठाकुर एवं भूपेंद्र माझी फिजियोथैरेपिस्ट जिला उमरिया, कास्टिंग टेक्नीशियन योगेश कुर्रे एवं नालनि तोप्पो, रीता बहरानी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डीईएलसी मैनेजर, भाविन मकवाना क्षेत्रीय समन्वयक अनुष्का फाउंडेशन सतीश सिंह बघेल प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अनुष्का फाउंडेशन एवं उमरिया जिला के अन्य अधिकारी गण प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में क्लब फूट से ग्रसित 10 बच्चो का इलाज किया गया जिसमें से आठ बच्चों की कास्टिंग की गई एवं दो बच्चों को अनुष्का फाउंडेशन की तरफ से स्पेशल जूते वितरण किए गए। प्रशिक्षण जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# सीआईएसएफ यूनिट विंध्याचल ने आयोजित की प्रभावशाली सुरक्षा कार्यशाला



सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

सीआईएसएफ यूनिट ने एनटीपीसी विंध्याचल के साथ मिलकर तापीय ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कौशिक गांगुलीए डीआईजी ;ई ज़ेड.प्प् हेड क्वार्टर्स प्रयागराज द्ध ने कियाए जिनके साथ श्री ईण् सत्य फणि कुमारए कार्यकारी निदेशक;विंध्याचलद्धए श्री राकेश अरोड़ाए मानव संसाधन प्रमुख ;विंध्याचलद्ध और विभिन्न स्टेशनों के प्रबंधन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सीआईएसएफ के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र के एनटीपीसी यूनिट्स के साथ.साथ यूपीआरवीयूएनएल द्वारा सामना किए जा रहे सुरक्षा चुनौतियों और परिचालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई।

श्री कौशिक गांगुलीए क्प्ळ ;ई ज़ेड.प्प् हेड क्वार्टर्स प्रयागराजद्ध ने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और सीआईएसएफ यूनिट्स में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने पर महत्वपूर्ण विचार साझा किएए जिससे यह कार्यशाला पावर सेक्टर में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

समापन समारोह में श्रीमती संथी जीण् जयदेव, इंस्पेक्टर जनरल की उपस्थिति में कार्यक्रम को समाप्त किया गया। जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन सदस्य जैसे डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक, चिकित्सा श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण, श्री ए जे. राजकुमार, महाप्रबंधक, मैटेनेंस और एडीएम और श्री राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख, विंध्याचल भी शामिल थे। अन्य यूनिट्स जैसे सिंगरौली और रिहंद के प्रबंधन प्रतिनिधि, श्री जोसेफ बैस्टिन, महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण और श्री बी.के. पांडे, मानव संसाधन प्रमुख ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा महिलाओं हेतु आयोजित सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया समापन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के तत्वावधान में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए सिंगरौली द्वारा संचालित महिलाओं हेतु आयोजित सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधक, सीएसआर एवं आर एंड आर श्री माहताब आलम, कार्यपालक, सीएसआर श्री निखिल जायसवाल, जिला अग्रणी प्रबंधक श्री रंजीत कुमार, यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक श्री विजय कुमार और फैकल्टी श्रीमती निशा द्विवेदी सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संस्थान द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गएए जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और बढ़ा सकें। यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल साबित हुआ हैए जो उन्हें हुनर और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है जो महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनानेए आर्थिक स्वतंत्रता और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।



### एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत

## ग्राम खिरवा में लगाया निक्षय जांच शिविर

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)



शुक्रवार को एनसीएल के केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने 'टीबी मुक्त भारत' अभियान एवं '100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान' के तहत ग्राम खिरवा में निक्षय जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर जांच की गई। शिविर में 80 से अधिक ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवा लाभ उठाया।

इसके अलावा एक टीबी जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। एनसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल, सिंगरौली द्वारा यह रैली आस-पास के क्षेत्र में टीबी मुक्त भारत अभियान संबंधी जागरूकता फैलाने एवं इस अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी। इस रैली के माध्यम से टीबी के लक्षण, टीबी की रोकथाम, शीघ्र निदान और उपचार से संबन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। एनसीएल द्वारा आयोजित टीबी जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों एवं केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली की टीम ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता एवं डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. राज कुमार, डॉ. ओम शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा देशभर में टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में क्षय रोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसे रैली, टीबी जांच शिविर एवं अन्य कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

## आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला होमगार्ड एवं राज्य आपदा मोचन बल से उप निरीक्षक हेमराज परस्ते के नेतृत्व में टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, अग्नि दुर्घटना, सड़क दुर्घटना आदि के समय बचाव एवं सावधानी संबंधी जानकारी दी गई। कार्यशाला में टीम द्वारा प्रायोगिक रूप से डमी का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा ने विद्यार्थियों को अग्नि दुर्घटना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यशाला में महाविद्यालय से डॉ. घनश्याम झारिया, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. गरिमा छाबड़ा, संदीप चौरसिया, संतोष नंदा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिंगल क्लिक से राशि अंतरित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 23 हजार 162 परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की। इस दौरान जिले में 622 हितग्राहियों को 13 करोड़ 36 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया।

## मुख्यमंत्री विवाह योजना पर चर्चा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम गरिमामय रूप से संपन्न किया जायेगा। उन्होने मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिये। मंत्री संपतिया उइके बुधवार को जनपद पंचायत मंडला के सभाकक्ष में सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना की तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष सोनू भलावी, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, जनपद पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद मरावी सहित जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंचगण मौजूद थे।

# बैठक में बिफरे जिला पंचायत सदस्य ने सीईओ पर लगाए मनमानी के आरोप, एक मतेन होकर लाया गया निंदा प्रस्ताव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

शुक्रवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में सामान्य प्रशासन एवं सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, सदस्य गीता मरावी, शकुन जंघेला, पुष्पा मरकाम, राम प्यारी झारिया, जगत मरावी, संदीप सीताशरण सिंह, भूपेन्द्र वरकड़े, शिव पुषाम, श्रीमति सवित्री धूमकेती, सुश्री ललिता धुर्वे, श्रीमति श्रृद्धा जैन, श्रीमति शालिनी साहू के साथ जनपद पंचायत नारायणगंज अध्यक्ष आशाराम भारतीया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने एक मतेन होकर जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट के खिलाफ निदां प्रस्ताव पारित किया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम ने बताया कि 12 बिंदुओं पर चर्चा कर सदस्यों ने एक मतेन होकर निंदा प्रस्ताव लाया है। जिसे मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त भोपाल पंचायत राज संचालनालय भेजा जाएगा। श्री तेकाम ने कहा कि हालात इतने बिगड़ गए हैं कि निर्वाचन क्षेत्र में सदस्यों का जाना मुश्किल हो गया है। निंदा प्रस्ताव में कहा गया कि जिला पंचायत मण्डला का गठन माह अगस्त 2022 में किया गया गठन के बाद से आज दिनांक तक जिला पंचायत में पंचायत अधिनियम अनुसार कार्य नही हो रहे हैं जिला पंचायत मण्डला के मुख्य





कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला द्वारा तानाशाही पूर्ण कार्य कर रहे है। जबकि जिला पंचायत का गठन निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया गया है। मनरेगा के कार्यो के संबंध में जिला पंचायत के सदस्यों द्वारा नामांकित कार्यो कि स्वीकृति न देकर केवल सी.ई.ओ के निर्देशानुसार कार्यों कि स्वीकृति दी जाती है जिससे मनमाने ढंग से मनमानी प्रक्रिया को अपनाकर कार्य किये जा रहे है। जो कि जारी दिशा निर्देशों की अव्हेलना है मनरेगा के लेवर बजट स्वीकृत करने स्वंय से ही पास कर लिया जाता है। जिला पंचायत मण्डला की बैठक में अधिकांश अधिकारी अपना प्रतिनिधि भेज कर खानापूर्ति करा ली जाती हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला द्वारा आज दिनांक तक अनुपस्थित अधिकारीयों की जानकारी बिहित प्राधिकारी जिला पंचायत के मामले में अधिकृत अधिकारी को अवगत नहीं कराया गया है। कार्यालय जिला पंचायत मण्डला को सी.ई.ओ द्वारा तीन भागो में विभाजित कर दिया गया है। जिसे कर्मचारी भी उदंड हो गए है। मण्डला जिला पंचायत के नियंत्रणधीन जनपद पंचायत ग्राम पंचायत या फिर प्रशासनिक अधिकारियों के रवैयों से हम जिला पंचायत सदस्य बिलकुल भी खुश नहीं है। भ्रष्टाचारों के आरोपो की जांच नहीं हो रही है इसके बाद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है। विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों की समीक्षा पर ध्यान नही देने पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है। शासन द्वारा विभागों को जो आवंटन दिया जाता है उसकी जानकारी मदवार आय-व्यय को जिला पंचायत मण्डला के पटल पर नही रखी जाती जिससे हम सदस्यों को क्षेत्र में क्या-क्या कार्य हो रहे है जैसा कि प्रशिक्षण मद निर्माण मद प्रशासनिक व्यय मद पर किस नियम के तहत व्यय हो रहा है और उसको किस मद पर व्यय किया जा रहा है। जैसों की जानकारी देने से विभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी कतराते नजर आते है इसकी जांच होनी चाहिये। जिला पंचायत के चुने हुए विषय समिति के सभा पतियों द्वारा जो बैठक पंचायत एक्ट के तहत बुलाई जाती है उस विषय समिति के सचिव द्वारा कहीं बजट सत्र विभागीय बी.सी विधानसभा सत्र क्षेत्रीय दौरा भोपाल में विभागीय बैठक संभाग स्तरीय बैठक आदि का बहाना बनाकर विषय समिति की बैठकों को टाल दिया जाता हैं जिससे विषय समिति की बैठकें नही हो पा रही है। किसी-किसी बैठक में तो अधिकारियों द्वारा सदस्यों को अपमानित किया जाता है जिस पर आज दिनांक तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समीक्षा नही की गई और तो और सभापतियों से सीधे मुह बात तक नही की जाती। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत निधि के निवेश हेतु प्रस्ताव वार्षिक कार्य योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्य निष्पादन ऐंजेंसी को राशि अंतरित करने हेतु जनपद या ग्राम पंचायत को पुन: आवंटन करने हेतु नैमित्तिक व्यय के लिये हम सदस्यों से आज दिनांक तक नही बताया गया है गुप-चुप तरीके से शाखा लिपिक लेखाअधिकारी जिला पंचायत के माध्यम से करा दिया जाता है इसका हम विरोध करते हुए इसकी जांच चाहते है। केन्द्र सरकार य राज्य सरकार से प्राप्त कार्यकम की निधि को सम्मलित करते हुए जिला पंचायत निधि में से व्यय करने हेतु प्रस्ताव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला द्वारा नही लाया जाता है। राज्य सरकार य केन्द्र सरकार से प्राप्त निधि के संबंध में व्यय करने के प्रस्ताव संबंधित विषय समिति के सभापतियों सदस्यों को भी नहीं बताया जाता और विभागीय अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला के साथ बंद कमरे में बैठ कर राशि का बटवारा कर लिया जाता है। इसकी हम निंदा करते हैं। अध्यक्ष उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी के परार्मश के पश्चात लोक हित में किसी मामले को इतना आवश्यक समझे जिसमें कि तत्काल आदेश जारी करना आवश्यक हो वह तुरंत आदेश जारी करेगा। जब आदेश जारी हो जाते है तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला द्वारा सदस्यों को अवगत नही कराते है और न ही पदाधिकारियों से परामर्श लिया जाता। जिला पंचायत के नियंत्रण तथा अधिकारिता के आधीन कर्मचारियों से संबंधित स्थातांतरण पदस्थापना को सम्मलित करते हुये सभी मामले जिला पंचायत के सदस्यों को मामलों से अवगत नहीं कराया जाता। कार्यवाही को निरस्त करते हुए निंदा करते है। जिला पंचायत निधि से संबंधित क्रियाकलापों के आधीन किये गए आहरण के उपयोग के लिये प्रस्तावों पर विचार करना तथा सदस्यों की राय लेना समिति के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिये पर विभागीय अधिकारी एंव मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आज दिनांक तक इस मामले में अध्यक्ष उपध्यक्ष एंव विषय समितियों के सदस्यों सभा पतियों के समक्ष नही रखा जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला श्रेयांश कूमठ के द्वारा निर्वाचित महिला सदस्य सभापति श्रीमति पुष्पा मरकाम, सुश्री ललिता धुर्वे, श्रीमति शकुन जंघेला, जिला पंचायत सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हे अपमानित किया गया। सदस्य श्रीमति रामप्यारी झारिया जिला पंचायत मण्डला सिर्फ काम-काज को पूछने पर श्री कूमठ द्वारा यह जानते हुए भी कि महिला जनप्रतिनिधि उम्र दराज है उन्हे इतना चिल्लाया हड़काया कि श्रीमति रामप्यारी झरिया सदमें में अगले दिन बीमार तक हो गई।

## समाज की महिलाओं ने निकाली रैली



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सिंधी समाज के द्वारा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव श्री चैटीचण्ड्र महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सामाजिक जनों के द्वारा इसमें विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। शुक्रवार को विशेष ड्रेस कोड के साथ पहली बार महिलाओं की वाहन रैली निकाली गई। इसमें महिलाएं सफेद और लाल ड्रेस कोड में नजर आई महिलाओं ने सिर पर पगड़ी साफा बांधा और उत्साह के साथ आयोजन में शिरकत की। विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात रैली का शुभारंभ किया गया रैली अंबेडकर वार्ड,बलराम चौक, हनुमान घाट, पड़ाव, चिलमन चौक, बिझिंया, कटरा, नेहरु स्मारक एवं महाराजपुर के मुख्य मुख्य मार्गो से होकर भगवान झूलेलाल के जयकारों के साथ गुंजायमान रही। रैली में सामाजिक मातृशक्ति में विशेष उत्साह देख गया। मातृशक्ति शामिल हुई और उत्साह के साथ भक्ति गीतों पर झूम उठी, खास बात रही कि इसमें युवाओं से लेकर बड़ी उम्र तक की सामाजिक महिलाओं ने सहभागिता की और आयोजन को यादगार बनाया।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

देश की आन्तरिक सुरक्षा एवं नक्सलवाद माओवाद का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 बटालियन मध्यप्रदेश के मण्डला एवं बालाघाट में तैनात है। विक्रांत सारंगपाणि कमाण्डेन्ट 148 वाहिनी के मार्गदर्शन में बी 148 बटा भिमौरी द्वारा आम जनता के बीच भारत सरकार एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रति सकारात्मक सोच एवं पुलिस पब्लिक सहयोग को बढाने हेतु सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे है। हाल ही में मण्डला एवं बालाघाट जिले में कई नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के उपरान्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 बटालियन के द्वारा दिनांक 27 मार्च को ग्राम पंचायत हर्राटोला एवं भिमोरी के ग्राम लूटरा, बैला, चितानचना, कुक्तीसराई, देवगांव एवं भिमौरी के ग्रामीणो को जीवन रक्षक दवाईयों का वितरण किया गया इस अवसर पर अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि 148 बटालियन आने वाले समय में मण्डला एवं बालाघाट के नक्सल प्रभावित इलाको में ग्रामीणो के लिए इस तरह के कई आयोजन करती रहेगी। इस आयोजन के दौरान डॉ भाग्य लक्ष्मी एसएमओ, राजेश यादव, जीडी शालीग्राम सिंह एवं डॉ प्रताप जाट, डॉ किरण पेन्द्रो, डॉ श्वेता जायसवाल, लोकेश पाण्डेय लैब टेक्निशिय, अनीता मरकाम स्टाफ नर्स एवं डॉ सज्जन उइके मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया तथा ग्राम पंचायत हर्राटोला सरपंच सोहन मरावी ग्राम पंचायत भिमौरी सरपंच सहसराम धुर्वे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## 171 उपवास धारक श्री मुनि विराग पदयात्रा करते हुए नैनपुर पहुंचे

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** पुण्योदय से महान तपस्वी 171 उपवास धारक श्री विराग मुनी एवं श्री कुशल मुनीजी ठाणा का नैनपुर आगमन हुआ। पदयात्रा करते हुए मुनिश्री नैनपुर पहुंचे। मुख्य मार्ग स्थित नाहटा निवास में उन्होंने अपनी विराट वाणी से लोगो को उपकृत किया। जाहिर है कि श्री विराग मुनि 171 दिनो का उपवास रख सुर्खियों में आये थे। जैन संत विराग मुनि 171 दिनों से 24 घंटे में केवल आधा लीटर पानी पीकर उपवास किए हैं। ये पानी वे दिन में लेते हैं। विराग मुनि पदयात्रा करते हुए छत्तीसगढ़ की ओर से बालाघाट में चातुर्मास के लिए रुके थे। गौरतलब है कि विराग मुनि ने पूरे परिवार के साथ दीक्षा ली थी। उनकी पत्नी, बेटे सभी जैन संत बन चुके हैं। महावीर स्वामी ने 5 महीने 25 दिन इस तरह का उपवास रखा था। हर दिन लगभग 20 किलोमीटर की पदयात्रा की है । इस दौरान वे हज़ारों लोगों को स्वाध्याय कराते रहे। रात में केवल तीन से चार घंटे की नींद लेते थे। मिली जानकारी के अनुसार गुरुजी पदयात्रा करते हुए नैनपुर पहुंचे हैं। यहां से मुनिश्री अपने गंतव्य नरसिंहपुर की ओर रवाना हो गए। जहां उन्हें पदयात्रा करते हुए नवरात्रि के सप्तमी तिथि तक पहुंचना है।

# डोलोमाईट डस्ट से परेशान हो रहे हैं रहवासी

**चिरईडोंगरी में लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर**

## देर रात तक चलती है लोडिंग

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**

चिरईडोंगरी रेलवे स्टेशन में रात दिन से हो रही डोलोमाइट डस्ट की लोडिंग से क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विभिन्न माध्यम से रेल प्रशासन को कई बार ग्रामीणों और पंचायत के द्वारा इस समस्या से अवगत कराया गया किंतु इसके बाद भी रेलवे प्रशासन ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

गिट्टी की लोडिंग के बाद अब लगातार हफ्ते में चार दिन डोलोमाइट की डस्ट लोडिंग की जा रही है। लोडिंग देर रात तक चलती है। इससे हवा के साथ वह लोगों के घरों तक पहुंचती है। घरों में पीने के पानी से लेकर खाना तक में यह समाती है । जाहिर है कि छात्र-छात्राओं और बाजार आने जाने वाले लोगों का रास्ता भी रेलवे स्टेशन से होकर ही गुजरता है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्र में स्वास संबंधी बीमारियां लगातार बढ़ती जा रही है। आने वाले समय में यह डस्ट जो उड़कर दो-तीन ग्राम पंचायत तक पहुंचती है। उससे क्षेत्र में लगी फसल पर भी प्रभाव पड़ रहा है। डस्ट की एक परत खेतों में भी जमने लगी है। खेतों में जमने वाली डस्ट के कारण खेतों में लगी फसल भी खराब हो रही है। वह अपनी असल उपज नहीं दे पा रहे हैं। जमीन को बंजर बनाया जा रहा है। क्षेत्र में चारों तरफ से आने वाले लोगों ने भी इस संबंध में बार-बार शिकायत की है। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे स्टेशन जो कई वर्षों से यहां पर बना हुआ है । जब यह छोटी लाइन थी तब भी यहां मात्र रेलवे पैसेंजर हाल्ट ही हुआ करता था। ब्रॉड गेज होने के बाद रेलवे ने अपना माल लोडिंग केंद्र भी यहां बनाया जिसकी ना तो एनजीटी से कोई परमिशन है ना ही ग्राम पंचायत से एनओसी ली गई है। इसके बाद भी बेधड़क लोडिंग और डंपिंग का कार्य यहां पर चल रहा है चिरईडोंगरी तक डोलोमाइट लाने वाली ओवरलोड वाहनों, डंपरों के कारण रास्ते पर गिट्टी पड़ी रहती है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रही है। इस मार्ग पर आने जाने वाले डंपरों ने रोड की हालत खराब कर दी है। बड़े-बड़े गड्ढे सड़क में हो चुके हैं। वाहन के टायर की चपेट में जाने से गिट्टियां छिटकर कर दूसरों को घायल भी कर रही है। वहीं दो पहिया वाहन चालक अनियंत्रित हो रहे हैं। इस तरफ भी रेल प्रशासन या किसी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। समय रहते अगर इस कार्य को रोका नहीं गया तो क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारी की संभावना लगातार बढ़ रही है।

# स्वच्छता जागरूकता सह क्षमतावर्धन के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जागरूक हुए नगर के स्वच्छता मित्र






**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।**

स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत निकाय स्तर पर जागरूकता सह क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता की बात अपनों के साथ के स्लोगन के साथ वार्ड क्रमांक 14 स्थित कम्युनिटी हॉल में नगर के स्वच्छता मित्रो को जागरूक किया गया। उक्त कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत जी एफ सी स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ डबल प्लस वाटर प्लस प्रमाणीकरण हेतु नगरीय निकायों में आवश्यक तैयारी एवं आगामी चुनौतियों के संदर्भ में प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वच्छता सैनिकों को प्रशिक्षित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, नगर पालिका कर्मचारी प्रेम कुमार चौटेल, राजकुमार पंजवानी, राम गोटिया, अभय शुक्ला, रोहित चौटेल, नसीम खान, अरूण यादव, श्रीमती मीनू तिवारी, श्रीमती ज्योति जोनजारे, श्रीमती विद्या बर्वे, श्रीमती सुष्मिता कुशवाहा, एवम समूचे नगर में सफाई व्यवस्था को अंजाम देने वाले सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# मां रेवती कॉलेज में लगा शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माँ रेवती कालेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना निराकरण संबंधी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आये नोडल अधिकारियों ने महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के विषय में जानकारी प्रदान की। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी छात्र छात्राओं के आवेदनों पत्रों का भौतिक रूप से सत्यापन भी किया । शिविर में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे । उक्त शिविर कॉलेज संचालक अभिषेक चौबे के दिशा निर्देश पर कॉलेज स्टॉफ द्वारा सम्पन्न कराया गया।



## वेद पटैल का हुआ चयन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नवोदय विद्यालय पदमी में वेद पटैल का चयन हुआ है। आदर्श माध्यमिक विद्यालय अंजनिया के छात्र वेद के चयन होने पर पिता संदीप पटैल, माता श्रीमति संगीता पटैल, शिक्षक एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस उपलब्धी से विद्यालय के शिक्षकों व वेद के पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।



## स्मार्ट क्लास का हुआ शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला मैन ब्रांच में प्राइमो पिक एन पैक प्राईवेट लिमिटेड मनेरी के सीएसआर मद से तैयार की गई स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षा तकनीक से जोड़ने और उन्हें बेहतर सीखने का माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि स्मार्ट क्लास आज के समय की आवश्यकता है और यह छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि शासन शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत ने स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




**कार्यालय ग्राम पंचायत बेहंगा जनपद पंचायत मण्डला, जिला-मण्डला**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ग्रा.प./नि.आम./2025/28 दिनांक 28/03/2025

ग्राम पंचायत बेहंगा जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला मप्र द्वारा ग्राम पंचायत में विभिन्न मदो के निर्माण कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक सप्लायर ट्रेडर्स निर्धारित समय सीमा में अपना निविदा पत्र बंद लिफाफा में जमा कर सकते है। योजना से स्वीकृति होने वाले कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है। जैसे ईंट, रेत, सीमेन्ट, गिट्टी (20एम,40एम) लोहा(08एम,10एम,12एम)एवं खिड़की, दरवाजा, वेन्टीलेशन, पाइप(90एम एम)एचडीपीई वॉल 04 इंच 03 इंच 02 इंच एवं आदि सामग्री ग्राम पंचायत बेहंगा अंतर्गत निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचाकर प्रदान करने हेतु इच्छुक सप्लायर द्वारा विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

टीप-निविदा पत्र कार्यालीन समय में या डाक से जमा कर सकते है।

शर्ते-निविदा अवधि 6 माह तक मान्य होगी। 2-सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करना होगा। 3-सामग्री की गुणवता निरीक्षण के पश्चात सामग्री ली जायेगी। 4-आवश्यक सामग्री की रायल्टी देना होगा। 5-जीएसटी बिल पर ही भुगतान होगा। 6-निविदा स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकारी ग्राम पचायंत होगा। 7-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 04/04/2025 को समय 12:00 बजे तक ही लिया जायेगा इसके पश्चात नही लिया जायेगा। 8-निविदा दिनाँक 04/04/ 2025 को ग्राम पंचायत सामान्य सभा बैठक में खोला जायेगा।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बेहंगा**
**जनपद पंचायत मण्डला**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत बेहंगा**
**जनपद पंचायत मण्डला**

संपादकीय

# कैश की आग, सुलगते सुराग

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान के संरक्षक कहे जाने वाले जज अग्निपरीक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। जांच समिति के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस के पांच अधिकारियों के फोन जब्त कर लिये गये हैं, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा, उनके परिवारजन, स्टाफ और अन्य लोगों के मोबाइल फोन जब्त करने की कोई खबर नहीं है। जबकि संवैधानिक सुरक्षा और सम्मान हासिल करने वाले जजों की आम जनता से ज्यादा जवाबदेही होनी चाहिए। पंचनामा नहीं बनने की वजह से अहम सबूत गायब हो गये, जिससे कई महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल पा रहे हैं। सवाल यह हैं कि इस घटना का वीडियो किसने बनाया और एक सप्ताह तक पुलिस, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में चुप्पी क्यों साधी? आगजनी के बाद कमरे और परिसर को सील क्यों नहीं किया गया? अगले दिन किसके आदेश से अधजली बोरियों का मलबा हटाया गया? इस मामले में अगर कोई साजिश है, तो उसके खिलाफ जस्टिस वर्मा खुलकर शिकायत क्यों नहीं कर रहे? संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता लेकिन जजों को पुरानी आईपीसी और नये बीएनएस कानून के तहत सीमित कानूनी सुरक्षा हासिल है। इसके अनुसार, न्यायिक कार्यों के मामले में जजों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता। इसीलिए चीफ जस्टिस की मंजूरी के बगैर जजों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं हो सकती। इस सुरक्षा कवच में चीफ जस्टिस की मंजूरी नहीं मिलने से भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में रिटायरमेंट के बाद भी जजों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो पाता। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सीबीआई और ईडी जांच के साथ जज के पुराने फैसलों के रिव्यू की मांग की है। लेकिन बार अध्यक्ष ने जो जस्टिस वर्मा के घर से 15 करोड़ की रकम मिलने का दावा किया है, उसके स्रोत और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। जस्टिस वर्मा ने मामले को साजिश बताते हुए यह सफाई दी है कि जिस स्टोर रूम में आग लगी, वह उनके आवास का हिस्सा नहीं था। जस्टिस वर्मा के अनुसार, तीन महीने पहले भी सीबीआइ के पुराने मामले में उनकी छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया में प्रयास हुए थे। जस्टिस वर्मा के खिलाफ चीफ जस्टिस की मंजूरी के बगैर एफआइआर दर्ज नहीं हो सकती। लेकिन उनके खिलाफ यदि कोई साजिश हुई है, तो उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज करा जांच की मांग करनी चाहिए। यदि बाहरी लोगों ने जज के स्टोर रूम में पैसा रखा है, तो चीफ जस्टिस सीबीआइ और इडी को जांच की मंजूरी भी दे सकते हैं। यह एक उलझन भरा जटिल मामला बन गया है। तीन वर्ष पहले कानून मंत्री ने संसद में जानकारी दी थी कि जजों और न्यायपालिका के खिलाफ 1,631 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं। देश में जजों के भ्रष्टाचार या गैर-कानूनी कार्यों की जांच के लिए कोई कानूनी व्यवस्था नहीं है। संविधान में जजों की नियुक्ति के मामले में कॉलेजियम का जिक्र नहीं है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसलों से कॉलेजियम सर्वोपरि बन गया। बहरहाल, न्याय के तराजू पर सभी को तौलने वाले जजों को खुद भी पारदर्शिता के साथ न्यायिक अनुशासन की कसौटी पर खरा उतरने की जरूरत है।

# अन्य देशों में हिंदुओं के साथ खड़े रहने की आवश्यकता

आज लगभग 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विश्व के अन्य देशों में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई देशों में तो भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के राजनैतिक पटल पर भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आदि विकसित देश इसके प्रमाण हैं। आस्ट्रेलिया में तो भारतीय मूल के नागरिकों को राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय करने के गम्भीर प्रयास स्थानीय स्तर पर किए जा रहे हैं, क्योंकि अन्य देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका सिद्ध हो चुकी है। राजनैतिक क्षेत्र के अतिरिक्त आर्थिक क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिकों ने अपनी उपयोगिता सिद्ध की है जैसे अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आज भारतीयों का ही बोलबाला है। अमेरिका में प्रतिवर्ष लगभग 85,000 एच वन-बी वीजा जारी किए जाते हैं, इसमें से लगभग 60,000 एच वन-बी वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। इसी प्रकार अमेरिका की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय मूल के नागरिक बन रहे हैं। आज अमेरिका एवं ब्रिटेन में प्रत्येक 7 चिकित्सकों में 1 भारतीय मूल का नागरिक हैं। न केवल उक्त वर्णित विकसित देशों बल्कि खाड़ी के देशों यथा, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में भी भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में शांतिपूर्ण तरीके से रह रहे हैं एवं इन देशों के आर्थिक विकास में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कई देशों यथा सिंगापुर, गुयाना, पुर्तगाल, सूरीनाम, मारीशस, आयरलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका आदि के राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति) भारतीय मूल के नागरिक रहे हैं एवं कुछ देशों में तो अभी भी इन पदों पर आसीन हैं। साथ ही, 42 देशों की सरकार अथवा विपक्ष में कम से कम एक भारतवंशी रहा है। दूसरी ओर, भारत के पड़ौसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में भारतीय मूल के नागरिकों, विशेष रूप से हिंदुओं की जनसंख्या लगातार कम हो रही है।


प्रहलाद सबनानी
सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

बांग्लादेश में तो वर्ष 1951 में कुल आबादी में हिंदुओं की आबादी 22 प्रतिशत थी वह आज घटकर 8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। लगभग यही हाल पाकिस्तान का भी है। बांग्लादेश में तो हाल ही के समय में सत्ता पलट के पश्चात हिंदुओं सहित वहां के अल्पसंख्यक समुदायों पर कातिलाना हमले किए गए हैं। केवल बांग्लादेश ही क्यों बल्कि विश्व के किसी भी अन्य देश में हिंदुओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं का कड़ा विरोध होना चाहिए। भारतीय मूल के नागरिक सनातन संस्कृति के संस्कारों के चलते बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से इन देशों के विकास में अपनी भागीदारी निभाते हैं। इसके बावजूद भी यदि भारतीयों पर इस प्रकार के आक्रमण किए जाते हैं तो इसकी निंदा तो की ही जानी चाहिए एवं विश्व समुदाय से इस संदर्भ में सहायता भी मांगी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। बांग्लादेश में हिंदूओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए घातक हमलों की अमेरिका के राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने भी भर्त्सना की थी, इसी प्रकार के विचार अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रकट किया थे। परंतु, आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय हिंदू समाज भी विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के साथ खड़ा हो। इसी संदर्भ में, दिनांक 21 मार्च से 23 मार्च 2025 को बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एकजुटता से खड़े रहने का आह्वान किया गया है एवं इस संदर्भ में निम्नलिखित एक विशेष प्रस्ताव भी पास किया गया है।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गम्भीर विषय है। बांग्लादेश में वर्तमान सत्ता पलट के समय मठ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और शिक्षण संस्थानों पर आक्रमण, मूर्तियों का अनादर, नृशंस हत्याएं, सम्पत्ति की लूट, महिलाओं के अपहरण और अत्याचार, बलात मतांतरण जैसी अनेक घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके मजहबी पक्ष को नकारना सत्य से मुंह मोड़ने जैसा होगा, क्योंकि अधिकतर



पीड़ित, हिंदू और अन्य अल्प संख्यक समुदायों से ही हैं।

बांग्लादेश में हिंदू समाज, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति समाज का इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा उत्पीड़न कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की निरंतर घटती जनसंख्या (1951 में 22 प्रतिशत से वर्तमान में 7.95 प्रतिशत) दर्शाती है कि उनके सामने अस्तित्व का संकट है। विशेषकर, पिछले वर्ष की हिंसा और घृणा को जिस तरह सरकारी और संस्थागत समर्थन मिला, वह गम्भीर चिंता का विषय है। साथ ही, बांग्लादेश से लगातार हो रहे भारत विरोधी वक्तव्य दोनों देशों के सम्बन्धों को गहरी हानि पहुंचा सकते हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां जान बूझकर भारत के पड़ौसी क्षेत्रों में अविश्वास और टकराव का वातावरण बनाते हुए एक देश को दूसरे के विरुद्ध खड़ा कर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। प्रतिनिधि सभा, चिन्तनशील वर्गों और अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से अनुरोध करती हैं कि वे भारत विरोधी वातावरण, पाकिस्तान तथा डीप स्टेट की सक्रियता पर दृष्टि रखें और इन्हें उजागर करें। प्रतिनिधि सभा इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती है कि इस सारे क्षेत्र की एक सांझी संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक सम्बंध हैं जिसके चलते एक जगह हुई कोई भी उथल पुथल सारे क्षेत्र में अपना प्रभाव उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधि सभा का मानना है कि सभी जागरूक लोग भारत और पड़ौसी देशों की इस सांझी विरासत को दृढ़ता देने की दिशा में प्रयास करें।

यह उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के हिंदू समाज ने इन अत्याचारों का शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक पद्धति से साहसपूर्वक विरोध किया है। यह भी प्रशंसनीय है कि भारत और विश्वभर के हिंदू समाज ने उन्हें नैतिक और भावनात्मक समर्थन दिया है। भारत सहित शेष विश्व के अनेक हिंदू संगठनों ने इस हिंसा के विरुद्ध आंदोलन एवं प्रदर्शन किए हैं और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा व सम्मान की मांग की है। इसके साथ ही विश्व भर के अनेक नेताओं ने भी इस विषय को अपने स्तर उठाया है। भारत सरकार ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ खड़े रहने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने यह विषय बांग्लादेश की आंतरिक सरकार के साथ साथ कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठाया है। प्रतिनिधि सभा भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वह बांग्लादेश के हिंदू समाज की सुरक्षा, गरिमा और सहज स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वहां की सरकार से निरंतर संवाद बनाए रखने के साथ साथ हर सम्भव प्रयास जारी रखे।

प्रतिनिधि सभा का मत है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों व वैश्विक समुदाय को बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्प संख्यक समुदायों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का गम्भीरता से संज्ञान लेना चाहिए और बांग्लादेश सरकार पर इन हिंसक गतिविधियों को रोकने का दबाव बनाना चाहिए। प्रतिनिधि सभा हिंदू समुदाय एवं अन्यान्य देशों के नेताओं से तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से आह्वान करती है कि बांग्लादेशी हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समाज के समर्थन में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएं। यह प्रथम बार नहीं है कि भारत के किसी सांस्कृतिक संगठन ने विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों के हित में आवाज उठाई है। बल्कि, पूर्व में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार की बात विभिन्न मंचों पर करता रहा है। क्योंकि, यह पूरे विश्व के हित में है कि हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में फैलाया जाय ताकि पूरे विश्व में ही शांति स्थापित हो सके। इसके साथ ही, वैश्विक पटल पर भी संघ का कार्य द्रुत गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। विश्व के अन्य देशों में हिंदू स्वयंसेवक संघ कार्य कर रहा है। आज विश्व के 53 देशों में 1,604 शाखाएं एवं 60 साप्ताहिक मिलन कार्यरत हैं। पिछले वर्ष 19 देशों में 64 संघ शिक्षा वर्ग लगाए गए। विश्व के 62 विभिन्न स्थानों पर संस्कार केंद्र भी कार्यरत हैं। जर्मनी से इस वर्ष 13 विस्तारक भी निकले हैं। इस प्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उक्त प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाय उतनी कम है।

# सुनीता विलियम्स : साहस से छुआ आसमान

सुरेश हिंदुस्तानी

अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा ख़त्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ़ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान ज़ब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। ज़ब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है।



इअमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में ज़ब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

# सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटकर दिखायी राह

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की कोशिश से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है, इससे जहां न्याय की निष्पक्षता, गहनता एवं प्रासंगिकता को जीवंत किया है, वहीं महिला अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों को गंभीरता से लिया गया है। शीर्ष अदालत के जजों ने इस फैसले को असंवेदनशील बताते हुए न केवल इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस विवादित फ़ैसले पर गंभीर नाराजगी दर्शायी एवं खेद प्रकट किया है, क्योंकि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा था- नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों की गंभीरता को कम करने वाली या पीड़ितों के अनुभवों को कमतर आंकने वाली भाषा एवं सोच का इस्तेमाल न करने की चेतावनी देते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी ऐसा फैसला देने वाले जज से ऐसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई न कराने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है। नारी अस्मिता एवं अस्तिव को कुचलने की शर्मसार करने वाली निचली अदालतों की ऐसी न्यायिक घटनाएं चिन्ताजनक है। एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया और महिलाओं की सुरक्षा, अस्मिता एवं अस्तित्व सुनिश्चित करने का सार्थक प्रयास भी किया गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने अपने 17 मार्च के इस फ़ैसले में कहा था कि 'पीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है।' उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पॉर्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 11 साल की इस लड़की के साथ हुई इस घटना के बारे में जस्टिस मिश्रा का निष्कर्ष था कि यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला है। इसे रेप या रेप की कोशिश नहीं कह सकते। एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। इस फैसले के बाद देशभर में गहरा आक्रोश, गुस्सा एवं नाराजगी सामने आयी, महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी गयी, सोशल मीडिया एवं मीडिया ने इसे न्याय की बड़ी विसंगति एवं अमानवीयता के रूप में प्रस्तुत किया। महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। यह बात किसी के गले नहीं उतर पा रही कि जब पाक्सो कानून में स्पष्ट रूप से किसी बच्चे के साथ गलत हरकतों को आपराधिक कृत्य माना गया है, तब कैसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित न्यायाधीश को न्यायिक विवेचन करते समय यह गंभीर दोष नहीं जान पड़ा। महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों में तो उन्हें घूरने, गलत इशारे करने, पीछा करने आदि को भी आपराधिक कृत्य माना गया है। फिर उस लड़की के मामले में हर पहलू पर विचार क्यों नहीं किया गया? इस फैसले की निन्दा, भर्त्सना एवं आलोचना ने देश में एक बार फिर जताया है कि देश ऐसे संवेदनशील मामलों में जागरूक है, किसी भी तरह की लापरवाही एवं कोताही को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम अदालत ने देखा था कि पीछा करने, छेड़छाड़ करने और उत्पीड़न जैसे अपराधों को सामान्य बनाने वाले रवैये का 'पीड़ितों पर स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है।' महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रति सर्वोच्च न्यायालय संवेदनशील है, यही आशा की किरण है। यहां यह अपेक्षित हो जाता है कि महिला मामलों की सुनवाई करने वाले जजों को इसकी बारीकियों एवं गहनताओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षित जजों को ही ऐसे मामलों की सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए। यह भी अपेक्षित है कि ऐसे मामलों में कोताही या दुराग्रह बरतने वाले जजों के लिये उचित जांच का भी प्रावधान होना चाहिए। महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में फैसला देते वक्त अदालतों से अपेक्षा की जाती है कि वे घटना, तथ्यों और प्रमाणों पर संवेदनशील तरीके से विचार करें।

- ललित गर्ग

# कैसे हटाए जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज?

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर कथित रूप से करोड़ों रुपये मिलने के बाद उनके खिलाफ महाभियोग की मांग की जा रही है। करोड़ों रुपये मिलने के मामले के बाद जज यशवंत वर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया था। लेकिन सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट सहित कई बार एसोसिएशन ने यशवंत वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुप्रीम कोर्ट में ने जस्टिस यशवंत वर्मा पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। किसी भी जज पर महाभियोग चलाए जाने की प्रक्रिया न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 में निर्धारित की गई है। महाभियोग की शुरू करने की पहली प्रक्रिया संसद के सदस्यों के हस्ताक्षर लेकर समर्थन जुटाना है। महाभियोग का प्रस्ताव लाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन करते हैं। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश या अन्य कोई जज करता है। इस समिति में किसी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाता है। लोकसभा के अध्यक्ष या राज्य सभा के सभापति कानून के प्रतिष्ठित जानकार को तीसरे सदस्य के रूप में नामित करते हैं। इस समित को जांच के लिए सबूत मांगने और गवाही लेने का अधिकार होता है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज को केवल महाभियोग से ही हटाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने की प्रक्रिया की व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 124(4) में की गई है। वहीं हाईकोर्ट के जज को हटाने की प्रक्रिया का प्राविधान अनुच्छेद 218 में किया गया है। संविधान का अनुच्छेद 124(4) कहता है कि किसी जज को केवल प्रमाणित कदाचार और अक्षमता के आधार पर ही हटाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को उसके पद से तब तक नहीं हटाया जा सकता, जब तक कि संसद के दोनों सदन में बहस न हो जाए। महाभियोग प्रस्ताव को उस सदन के कुल सदस्यों में से दो तिहाई का समर्थन होना जरूरी है। इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिलना जरूरी है। यही नहीं यह प्रस्ताव जिस सत्र में लाया जाए, उसी सत्र में उसे पारित करना होता है। संसद में मतदान के जरिए महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो जाने पर राष्ट्रपति जज को हटाने का आदेश जारी करते हैं। देश में जजों के हटाने के अब तक छह बार प्रयास किए गए हैं। इनमें पांच में वित्तीय अनियमितता और एक यौन कदाचार का मामला था। जस्टिस रामास्वामी और जस्टिस सौमित्र सेन के मामले में ही जांच समिति ने आरोपों को सही पाया था। वर्ष 1993 में सुप्रीम कोर्ट के जज वीरास्वामी रामास्वामी के खिलाफ महाभियोग लाया गया था। जज वीरास्वामी रामास्वामी पर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश रहते हुए अनियमितता का आरोप लगाया गया था। समिति की जांच में 14 में से 11 आरोप सही साबित हुए थे। संसद में कपिल सिब्बल ने जस्टिस रामास्वामी के वकील के रूप में उनका बचाव किया था। महाभियोग का प्रस्ताव संसद में पारित नहीं हो पाया था। इसके एक साल बाद जस्टिस रामास्वामी सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में रिटायर हुए। बाद में वो राजनीति में शामिल हो गए थे। इसी तरह कोलकाता हाईकोर्ट के जज सौमित्र सेन के खिलाफ भी 2011 महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की गई थी। सामित्र सेन जब वकील थे, कोलकाता हाईकोर्ट ने उन्हें एक मामले में रिसीवर नियुक्त किया था। इसी मामले में उन पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा था। संसद में महाभियोग प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पीडी दिनाकरन के खिलाफ भी 2011 में भ्रष्टाचार की जांच के लिए न्यायिक समित का गठन किया गया था। इससे पहले की महाभियोग की कार्रवाई शुरू होती, जस्टिस पीडी दिनाकरन ने इस्तीफा दे दिया था। गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस पारदीवाला के खिलाफ भी 2015 में महाभियोग का प्रस्ताव आया था। उन्होंने अपने एक फैसले में आरक्षण के खिलाफ टिप्पणी की थी। लेकिन विरोध होने पर उन्होंने अपने जजमेंट से विवादित टिप्पणी को हटा दिया था। जिससे महाभियोग का कोई मतलब नहीं रह गया था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस एसके गंगेले के खिलाफ महिला जज ने 2015 यौन शोषण का आरोप लगाया था। इस राज्यसभा के 58 सांसदों ने महाभियोग का नोटिस दिया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की जांच कमेटी बनाई थी। जिसने यौन उत्पीड़न के आरोप को साबित करने के सबूतों को अपर्याप्त बताया था। आंध्र प्रदेश और तेलांगना के हाईकोर्ट के जस्टिस सीवी नागार्जुन के खिलाफ 2016 और 2017 में दो बार महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन दोनों बार ही इसे संसद में पूरा समर्थन नहीं मिला।

- अमित यादव

# म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही

## कई इमारतें जमींदोज, सैकड़ों लोग लापता, बैंकॉक में लगी इमरजेंसी



बैंकॉक

म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के जोरदार झटकों से धरती कांप उठी। ये झटके इतने जबरदस्त थे कि थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी इन्हें महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.7 रही। भूकंप के झटकों की वजह से म्यांमार के मांडलेय में इरावडी नदी पर कथित तौर पर लोकप्रिय एवा ब्रिज ढह गया। कहा जा रहा है कि चीन और ताइवान के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। थाईलैंड और म्यांमार के कई शहरों में इमारतें ढह गई हैं। बैंकॉक में टावर जमींदोज हो गया है जबकि दर्जनों लोग लापता हैं। यूएसजीएस का कहना है कि हजारों लोगों के मरने की आशंका है। मेघालय के गारो हिल्स में भी 4.0 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें गगनचुंबी इमारतों को भूकंप के झटकों की वजह से हिलते देखा जा सकता है। कई इमारतें झुक गई हैं।

बता दें कि, धरती के अंदर सात टेक्टोनिक प्लेट्स हैं। ये प्लेट्स लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेट आपस में टकराती हैं, रगड़ती हैं। एक-दूसरे के ऊपर चढ़ती या उनसे दूर जाती हैं, तब जमीन हिलने लगती है। इसे ही भूकंप कहते हैं। भूकंप को नापने के लिए रिक्टर पैमाने का इस्तेमाल करते हैं। जिसे रिक्टर मैग्नीट्यूड स्केल कहते हैं। रिक्टर मैग्नीट्यूड स्केल 1 से 9 तक होती है। भूकंप की तीव्रता को उसके केंद्र यानी एपिसेंटर से नापा जाता है। यानी उस केंद्र से निकलने वाली ऊर्जा को इसी स्केल पर मापा जाता है। 1 यानी कम तीव्रता की ऊर्जा निकल रही है। 9 यानी सबसे ज्यादा। बेहद भयावह और तबाही वाली लहर। ये दूर जाते-जाते कमजोर होती जाती हैं। अगर रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7 दिखती है तो उसके आसपास के 40 किलोमीटर के दायरे में तेज झटका होता है।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया है कि शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड में रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता का खतरनाक भूकंप आया है। भूकंप पूरे देश में झटके महसूस किए गए। दिल्ली एनसीआर तक भूकंप के झटके महूसक किए गये हैं। सबसे खतरनाक बात ये है कि भूकंप का केन्द्र जमीन से सिर्फ 10 किलोमीटर अंदर था, जिससे भारी तबाही की आशंका है। यूएसजीएस ने एक बयान में कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 12.50 बजे के आसपास म्यांमार के सागाइंग शहर के उत्तर-पश्चिम में 16 किलोमीटर की दूरी पर 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था। बैंकॉक में भी भूकंप से तबाही की आशंका है। लोग अपने घरों से बाहर भागते हुए देखे गए हैं और कुछ वीडियो में खाना खाते समय लोगों को हिलते हुए दिखाया गया। सबसे खतरनाक वीडियो थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक है, जिसमें एक बहुमंजिला इमारत को ताश के पत्तों की तरह धड़ाम से गिरते हुए देखा गया है। म्यांमार से भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक तीन मंजिला मकान को धाराशाई देखा जा रहा है। लोगों को भूकंप के बाद अपनी जान बचाने के लिए भागते देखा जा रहा है। बैंकॉक में ऊंची इमारत ढहने पर धूल के बादल से भागते लोग दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा म्यांमार की सीमा से लगे युन्नान और गुआंगशी प्रांतों में चीनी सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा है कि उन्होंने भूकंप को तीव्रता से महसूस किया। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो के मुताबिक म्यांमार के अवा और सागाइंग क्षेत्रों को जोड़ने वाला एक पुल शुक्रवार को देश के मध्य भाग में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद ढह गया है। फुटेज में देश के उत्तर से दक्षिण तक बहने वाली इरावदी नदी में गिरने के बाद पुराने सागाइंग पुल के कुछ हिस्से दिखाई दे रहे हैं।



# साधु के भेष में मिला अंडरवर्ल्ड डॉन बंटी पांडे

## 21 साल बाद सीआईडी के शिकंजे में आया

सूरत

गुजरात के वापी में साल 2004 में उद्योगपति के बेटे का अपहरण कर 5 करोड़ की फिरौती और हत्या के जुर्म में सीआईडी क्राइम ने अंडरवर्ल्ड डॉन बंटी पांडे की गिरफ्तारी की है। अंडरवर्ल्ड डॉन बंटी पांडे कभी छोटा राजन के लिए काम करता था। इसके बाद उसने खुद गैंग बना ली। वापी में किडनैपिंग और कत्ल को बंटी पांडे के साथी भूपेंद्र वोरा और संजय सिंह ने अंजाम दिया था। बंटी पांडे ने वापी के उद्योगपति को फोन करके धमकी दी थी और फिरौती की मांगी थी।

अंडरवर्ल्ड डॉन बंटी पांडे साधु के भेष में पकड़ा गया है। उसके ऊपर हत्या और फिरौती के कई मामले भारत के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज हैं। गुजरात के वापी में आइडियल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक मुतूर अहमद कादिर खान के पुत्र अबूबजर खान का 2004 में अपहरण कर लिया था। ट्रांसपोर्ट और नेटवर्किंग के धंधे से जुड़े खान परिवार के बेटे का अपहरण करने के बाद फोन कर 5 करोड़ की फिरौती मांगी थी।



अंडरवर्ल्ड माफिया बंटी पांडे के नाम से आए धमकी भरे फोन के बाद खान परिवार ने 5 करोड़ रुपये देने की बात कही थी और उन्होंने दुबई में एक संबंधी के जरिए पांच करोड़ रुपये चुका भी दिए थे। इसके बाद बंटी पांडे गैंग ने खान परिवार के बेटे से बात नहीं करवाई थी। जब परिवार को शंका हुई तो वापी पुलिस से संपर्क किया। इसी बीच घोलवड क्षेत्र से अपहरण हुए उद्योगपति के बेटे की लाश बरामद की गई थी, लेकिन सिर नहीं मिला था।

इस मामले में उस वक्त सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने केस की जांच के दौरान संजय उर्फ संजय सिंह उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ की गई तो वापी के उद्योगपति के बेटे की हत्या किए जाने का खुलासा हुआ था। महाराष्ट्र बॉर्डर के असवाली डैम इलाके में हत्याकांड को अंजाम दिया गया था,जिससे यह कंफर्म हुआ था कि उद्योगपति के बेटे की गला रेत कर हत्या की गई।

इस कांड में बंटी पांडे के राइट हैंड भूपेंद्र वोरा, छोटू धोबी और विनोद की मिलीभगत सामने आई थी। बंटी पांडे सहित उसके गुर्गों को वांटेड घोषित किया गया था। अलग-अलग देशों में फरार रहने वाले बंटी पांडे ने साल 2001 में वियतनाम में सरेंडर कर दिया था। उसके बाद सीबीआई उसे भारत लेकर आई थी और मुंबई पुलिस के हवाले किया था।

देश के कई राज्यों में दर्ज अलग-अलग मामलों में बंटी पांडे जेल में रहा था। उद्योगपति के पुत्र अबूबजर के अपहरण और हत्याकांड की जांच सीआईडी क्राइम को सौंपी गई थी। बंटी पांडे की गिरफ्तारी के बाद सीआईडी क्राइम द्वारा दिल्ली की तिहाड़ जेल में वारंट जमा करवाया था। बंटी पांडे नैनीताल की अल्मोड़ा जेल में था, उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 साल पहले सीआईडी क्राइम ने वारंट दिया था। उस वारंट के तहत उसे सूरत की लाजपुर सेंट्रल जेल में भेज दिया गया था, जहां से सीआईडी क्राइम ने उसकी गिरफ्तारी कर चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है।

# दक्षिण कोरिया के जंगल में लगी आग में 28 लोगों की मौत

सियोल (वार्ता)

दक्षिण कोरिया के जंगल में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है, जबकि 37 अन्य घायल हुए हैं। सरकारी संकलन से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

केंद्रीय आपदा और सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय के अनुसार, देश के 11 क्षेत्रों में 21 मार्च से आग लग चुकी है, जिनमें से ज्यादातर दक्षिण-पूर्वी ग्योंगसांग प्रांत में हैं और उनमें से पांच क्षेत्रो में लगी आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। शेष छह क्षेत्रों में, स्थानीय समयानुसार सुबह 5 बजे औसतन 83 प्रतिशत आग बुझा दी गयी। गौरतलब है कि आग ने कम से कम 48,150.61 हेक्टेयर वन भूमि को प्रभावित किया, जो देश में जंगल की आग से हुई सबसे भीषण क्षति है। इससे पहले सबसे अधिक नुकसान वर्ष 2000 में हुआ था, जब 23,794 हेक्टेयर भूमि तबाह हो गई थी।



मुख्यालय के अनुसार, अधिकांश पीड़ित 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के थे। प्रभावित इमारतों और संरचनाओं, जैसे कि घरों और कृषि सुविधाओं की संख्या बढ़कर 3,481 हो गई, जबकि 23 सांस्कृतिक संपत्तियाँ नष्ट हो गईं। 2,407 घरों के 8,078 लोग अभी भी विस्थापित हैं। अग्निशामक तेज़ हवाओं और शुष्क परिस्थितियों के कारण तेज़ी से फैल रही आग को काबू करने के लिए संघर्ष क्र रहे हैं। देश की वन सेवा ने मंगलवार को जंगल की आग के संकट की चेतावनी को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है। जंगल की आग से निपटने के लिए अग्निशामकों, सैनिकों, पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों सहित 8,100 से अधिक लोगों के साथ-साथ 109 हेलीकॉप्टर और 967 अग्निशमन उपकरणों को तैनात किया गया।

## शेख हसीना पर गृह युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का मुकदमा

**ढाका (वार्ता)।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 72 अन्य लोगों पर गृह युद्ध के माध्यम से अंतरिम सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का मुकदमा दायर किया गया है। मीडिया रिपोर्टस में यह जानकारी दी गयी। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में देशद्रोह का मामला दर्ज किया। सीआईडी द्वारा कल जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अदालत ने मामले का संज्ञान लिया और सीआईडी को जांच करने का निर्देश दिया। मामले के बयान के अनुसार सीआईडी को 19 दिसंबर, 2024 को आयोजित एक ऑनलाइन बैठक के बारे में जानकारी मिली, जहां प्रतिभागियों ने जॉय बांग्ला ब्रिगेड नामक एक मंच बनाया और गृह युद्ध छेड़कर अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना को सत्ता में वापस लाने की योजनाओं पर चर्चा की।



# भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और रणनीतिक सोच जरूरी

नई दिल्ली (वार्ता)

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, रणनीतिक सोच और अनुकूलनशीलता को अपनाने के महत्व पर बल दिया है।

जनरल चौहान ने शुक्रवार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में एशिया के सबसे बड़े इंटरकॉलेजिएट तकनीकी और उद्यमशीलता महोत्सव 'टेककृति 2025' का उद्घाटन करते यह बात कही। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों में प्रौद्योगिकी और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर जानकारी दी और भविष्य के युद्धों की उभरती चुनौतियों, विशेष रूप से साइबर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम और संज्ञानात्मक क्षेत्रों में तैयारी पर अपने दृष्टिकोण साझा किए।



**जनरल चौहान ने एशिया के सबसे बड़े इंटरकॉलेजिएट तकनीकी और उद्यमशीलता महोत्सव का किया उद्घाटन**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, रणनीतिक सोच और अनुकूलनशीलता को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अनुशासन और लचीलापन, साहस और बलिदान के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह में मध्य वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, निदेशक आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इस वर्ष की थीम 'सब कुछ बहता है' प्रौद्योगिकी और नवाचार के निरंतर विकास पर प्रकाश डालती है। टेककृति 2025 प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता और सहयोग का एक उल्लेखनीय उत्सव है, जो खोज और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**


# 35 लाख की राम मंदिर वॉच पर विवाद



सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर 30 मार्च को ईद के खास मौके पर रिलीज होने वाली है। इन दिनों सलमान फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में व्यस्त चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई के ताज लैंड्स एंड में एक प्रेस मीट रखी थी, जिस दौरान वो राम मंदिर स्पेशल एडिशन की वॉच पहने नजर आए थे। तस्वीरें सामने आने के बाद सेल्फ डिक्लेयर्ड क्रिटिक कमाल राशिद खान ने सलमान और उनके फैंस पर भड़काऊ बयान दिया है। कमाल राशिद खान ने अपने ऑफिशियल एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा है, उन सभी मुस्लिमों को मुबारकबाद जो ईद पर सलमान खान की सिकंदर देखकर उन्हें ईदी देना चाहते हैं। वो राम जन्मभूमि एडिशन की जियोनिस्ट को. वॉच पहनकर सभी मुस्लिमों का मजाक उड़ा रहा है। इसके सभी मुस्लिम फैंस बेशर्म हैं। सलमान खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि राम मंदिर एडिशन की ये खास वॉच उन्हें मां और बहन ने तोहफे में दी है। इस घड़ी में अयोध्या राम मंदिर के साथ भगवान राम और हनुमान जी की तस्वीर है। जैकब एंड को. ब्रांड की इस स्पेशल वॉच की कीमत 34-35 लाख रुपए है। दुनियाभर में इस तरह की महज 49 वॉच ही उपलब्ध हैं। सलमान खान के अलावा अभिषेक बच्चन को भी इसे पहने हुए देखा जा चुका है। बताते चलें कि ये पहली बार नहीं है, जब केआरके ने सलमान खान के खिलाफ विवादित बयान दिया है। इससे पहले फिल्म राधे की रिलीज के समय भी केआरके ने फिल्म और सलमान खान पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद सलमान खान की लीगल टीम ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। कोर्ट में केआरके को हिदायत दी गई थी कि वो आगे कभी सलमान खान पर कमेंट न करें। सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर 30 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म को गजनी का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगदास डायरेक्ट कर रहे हैं। सलमान, रश्मिका के अलावा फिल्म में काजल अग्रवाल प्रतीक बब्बर, शरमन जोशी भी अहम किरदारों में हैं।

# पिता के नक्शेकदम पर ऋतिक कृष 4 का करेंगे डायरेक्शन

ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। इस बात का ऐलान खुद उनके पिता राकेश रोशन ने सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने कहा कि वे अब निर्देशन की जिम्मेदारी अपने बेटे ऋतिक को सौंप रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। राकेश रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, '25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था और आज 25 साल बाद मैं तुम्हें एक निर्देशक के रूप में लॉन्च करने जा रहा हूं।'



इसके अलावा ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुष्टि की कि ऋतिक रोशन डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। वे अपनी फिल्म कृष 4 के साथ निर्देशन में कदम रखेंगे। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा और राकेश रोशन प्रोड्यूस करेंगे। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश रोशन ने कहा, मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही मेरे साथ इसे जीया है। महसूस किया है और इसके सपने देखे हैं। ऋतिक के पास कृष की यात्रा को दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक विजन है। मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि वह एक ऐसी फिल्म के लिए डायरेक्टर बनने जा रहे हैं, जो हमारे लिए एक परिवार के रूप में बहुत मायने रखती है। राकेश रोशन ने आगे कहा, कृष 4 को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस करेंगे। मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने ऋतिक के निर्देशन में आने के लिए हामी भरी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृष 4 की स्क्रिप्ट तैयार है और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। अगले साल 2026 की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। राकेश रोशन ने अपने करियर की शुरुआत बतौर एक्टर साल 1970 में फिल्म घर घर की कहानी से की थी। इस फिल्म में वे सपोर्टिंग किरदार में नजर आए थे। उन्होंने बतौर एक्टर बहुत ही कम फिल्मों में काम किया है। इसके बाद उन्होंने साल 1980 में खुद की प्रोडक्शन कंपनी खोली और उसी साल आप के दीवाने फिल्म बनाई। लेकिन यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर बुरी फ्लॉप साबित हुई थी। हालांकि, इसके अलावा वे किंग अंकल, कोयला, कहो ना प्यार है, कोई मिल गया, करण-अर्जुन, कृष और कृष 2 जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके हैं।

# श्रेयस तलपड़े के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत

फिल्म इमरजेंसी में नजर आए एक्टर श्रेयस तलपड़े के खिलाफ उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज हुई है। आरोप हैं कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों के चिटफंड घोटाले में एक्टर का नाम शामिल है। उनके अलावा 14 अन्य लोगों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कंपनी से जुड़े हुए हैं। आरोप हैं कि ये कंपनी ग्रामीणों से पैसे लेकर दोगुना कर रिटर्न करने का दावा करती है। स्कीम में पैसे लगाने वालों को बताया गया था कि श्रेयस तलपड़े भी कंपनी से जुड़े हुए हैं। पैसे दोगुने करने की स्कीम के तहत कई ग्रामीणों से करोड़ों रुपए लिए गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि महोबा में 10 साल पहले इस कंपनी का ऑफिस शुरू हुआ था। वो लोग श्रेयस तलपड़े का चेहरा दिखाकर स्कीम प्रमोट करते थे, जिससे लोगों को स्कीम पर आसानी से भरोसा हो जाता था। समय-समय पर गांव वालों ने थोड़ी-थोड़ी राशि जमा की, जो लाखों में पहुंच गई। पैसे जमा करने वालों में मैकेनिक से लेकर मिस्त्री का काम करने वाले लोग भी शामिल हैं। वो लोग सालों से पैसे जमा कर रहे थे। जब लोगों ने कंपनी से पैसे लौटाने को कहा तो अचानक कंपनी के एजेंट्स ने ऑफिस बंद कर दिया और जिले से भाग निकले। इस मामले में महोबा के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में कंपनी के चेयरमैन, श्रेयस तलपड़े समेत 15 के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। जांच में सामने आया है कि कंपनी के सभी नंबर बंद हैं। चिटफंड मामले से पहले भी श्रेयस तलपड़े पर धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। इसी साल की शुरुआत में श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ पर लखनऊ के इन्वेस्टर्स से 9 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे।



# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

जिले में 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ होने और 31 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को सम्पन्न हुई।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम श्री मणिन्द्र सिंह, अन्य जिला अधिकारी और शांति समिति के सदस्यों में श्री मैथिलीशरण तिवारी, श्री लाल साहब जाट, श्री मनोहर लाल साहू, श्री तरवर सिंह पटेल, गुड्डू मालगुजार, श्री बलवीर सिंह, श्री बीएल मेहरा, श्री किशन गुप्ता, श्री विनय जैन, डॉ. गोपाल सिंह, हाजी मो. शब्बीर उस्मानी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुगण देवी प्रतिमाओं पर सुबह 4 बजे से जल चढ़ाने एवं पूजा- अर्चना करने के लिए जाते हैं । चैत्र नवरात्रि में जवारे स्थापित किये जाते हैं। जवारा विसर्जन के समय निकाले जाने वाले जुलूसों में श्रद्धालुगण अधिक मात्रा में अखाड़े एवं जवारे लेकर निकलते हैं।इस दौरान तपती धूप में जुलूस मार्ग पर पानी का छिड़काव किया जाये। नर्मदा नदी तट पर भी होमगार्ड का बल तैनात रहे। 31 मार्च को ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जावेगा, जिसमें ईदगाह/ मस्जिदों में नमाज अदा की जावेगी।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जिले के दुर्गा मंदिरों एवं मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास साफ- सफाई एवं जल की आपूर्ति बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को त्यौहार के अवसर पर जिले में विद्युत की आपूर्ति सतत बनाये रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने खासतौर पर दुर्गा मंदिरों एवं मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास की बिजली का विशेष ध्यान रखने के लिए भी कहा। त्यौहार के दौरान अस्पताल एवं जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर आकस्मिक चिकित्सा दल की ड्यूटी मय दवाईयों एवं एम्बुलेंस तैयार रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने त्यौहार के दौरान जिले में दुर्गा मंदिरों और नमाज स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यकतानुसार बल तैनात रखने के निर्देश दिये। जवारा विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस में पुलिस की ड्यूटी लगाई जावे और आवश्यकता पड़ने पर होमगार्ड बल का भी सहयोग लिया जावेगा।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को अपने- अपने क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार और कानून एवं सुरक्षा की दृष्टि से जवारा विसर्जन के लिए निकलने वाले जुलूस में कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में शांति समिति के सदस्य रहे चौधरी जोगिंदर सिंह के निधन होने पर दो मिनट का मौन रखा गया।

# हॉकी अकैडमी के द्वारा विशेष हॉकी प्रशिक्षण प्रारंभ



**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** हॉकी अकैडमी के द्वारा विशेष हॉकी प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया। इस विशेष प्रशिक्षण में 5 से 16 वर्ष आयु के बालक बालिकाएं भाग ले रहे हैं। स्टेडियम ग्राउंड में प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर हॉकी अकैडमी के संस्थापक एवं वरिष्ठ एन आई एस कोच हॉकी राजकुमार चौबे ने अतिथियों का स्वागत कर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। श्री चौबे ने बताया कि यह 14 वा. प्रशिक्षण शिविर है प्रति वर्ष की तरह राष्ट्रीय खेल हॉकी के उत्थान एवं प्रोत्साहन, संरक्षित करने एवं हॉकी की नई पौध बनाने हेतु 5 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बालक, बालिकाओं को गहन हॉकी खेल की बारीकियों, खेलने का कौशल के साथ साथ शारीरिक मानसिक रूप से स्वास्थ्य रखने का प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रात: 6.30 से 8 एवं संध्या 5.15 से 6.45 बजे तक हॉकी स्टेडियम ग्राउंड पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर कोच- प्रवीण सिंघई(पूर्व नैशनल खिलाड़ी), अतुल मिश्रा, इलयास खान, शिवम ठाकुर बच्चो को प्रशिक्षण देंगे , इस अवसर पर श्री अजय तुलसी जी ने अपने विचार रखे और बताया कि माता पिता को बच्चो को मैदान से जरूर जोड़ना चाहिए अब जरूरी है आपको स्वास्थ्य का ध्यान पाढ़इ से ज़्यादा रखना पड़ेगा! अतिथियों में राकेश महेश्वरी, मनीष कटारे, हाजी यूनुस खान, हरविंद्रर सिंह अरोरा, नीलू राय, एस के चतुर्वेदी ,सुबोध शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, मंजीत छाबड़ा, कोकिला लेवी, मालक पटेल, आनंद पटेल, फिरोज उस्मानी , वरिष्ठ खिलाड़ियों, एथलीट ,अन्य गणमान्य नागरिक , खेल प्रेमी साथी की उपस्थिति में हॉकी स्टिक ,बॉल बच्चों को अभ्यास हेतु वितरित की गई, सभी ने प्रशिक्षण प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की प्रशंसा की।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के संबंध में आयोजित हुई सेमिनार



**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल के निर्देशन में हुनर पहल के तहत एमएसएमई विकास नीति 2021 एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के संबंध में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में बुधवार को सेमीनार आयोजित की गई। महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेमिनार में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक सुश्री अंजली विश्वकर्मा, सह प्रबंधक श्री विनोद मेहरा व सारिका विश्वकर्मा ने केन्द्र एवं राज्य स्तर पर संचालित योजनाओं और उनके ऋण संबंधी जानकारी प्रदान की, ताकि नये उद्योग के विनिर्माण व नवाचार में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास में वृद्धि हो और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएम बघेल के मार्गदर्शन में हुनर पहल के नोडल अधिकारी कु. कविता पंद्रे व श्री नेकनारायण ठाकुर और श्री विनोद पगारे द्वारा योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

# प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन जिले में किया जाएगा : पटेल

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए मंत्री पटेल

## तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल झिरना रोड नरसिंहपुर स्थित आयुष चिकित्सालय में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन द्वारा लगाये गये नि:शुल्क ऑस्टियोपैथी दर्द निवारक चिकित्सा शिविर के तीसरे और अंतिम दिन शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री पटेल बुधवार को भी इस शिविर में आए थे। मंत्री श्री पटेल यहां मरीजों और उनके परिजनों से मिले, उनसे शिविर की जानकारी, उनका अनुभव और इस शिविर से उन्हें क्या लाभ मिला है यह जाना। समापन अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले के लोगों के उत्साह और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को देखते हुए प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन जिले मे किया जाएगा। लोगों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है उससे संबंधित सभी सुविधाएं उन्हें मिले यह जरूरी है आयुष परिसर में हर्बल गार्डन को विकसित किया जाए, एवं औषधीय पौधों की लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरत्ना सिंह चौहान को दिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज के समय में बिना दवा और बिना ऑपरेशन के इलाज की अगर कोई विधा है तो वह हमारी भारतीय चिकित्सा आयुर्वेदिक विधा है। पहले गांव में घर के आसपास जो औषधीय उगती थी उनसे हम उपचार करते थे। हमें उनके स्थान पता होते थे अगर हमारे गांव में वह औषधि नहीं होती थी तो हम पड़ोस के गांव से लेकर आते थे।हमारे विश्वास को एक रूढ़ि मानकर उसे छोडकर हम एक भटकाव के रास्ते पर चले गए। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री थे उस समय आयुर्वेद के विषय में पहली बार गंभीरता से सोचा गया। भारतीय चिकित्सा पद्धति के बारे में सोचा गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जोधपुर से आए डॉ नंदकिशोर पाराशर की टीम जो पिछले चार पीढ़ी से सेवा दे रही है उनको भारत सरकार ने मान्यता प्रदान की है। उनके टीम के भाव और विश्वास देखने योग्य हैं। सबसे अच्छी बात जो है कि वह कहते हम गरीबों की सेवा करने वाले हैं। उनका परोपकार का भाव है। इस तीन दिवसीय शिविर में 760 लोगों की जाँच की गई। जिस समर्पित भाव से आयुष चिकित्सालय के स्टाफ़ और जोधपुर संस्थान ने अपना सहयोग प्रदान किया है उसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, श्री सरदार सिंह पटेल, श्री सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरत्ना सिंह चौहान, जिला आयुष चिकित्सालय का अमला और हितग्राही मौजूद थे।

# खेलो बढ़ो अभियान का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** भारत सरकार के लक्षित मिशन 2047 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाडियों, युवाओं, छात्र- छात्राओं को खेलो के प्रति जागरूक व सहभागिता करने के उद्देश्य से खेलो बढो अभियान का शुभारंभ किया गया है। युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो बढ़ो अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य चार चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के पहले चरण में युवाओं की खेल की महत्ता बताने व खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने, द्वितीय चरण में युवाओं एवं खेल प्रशिक्षकों में समन्वय स्थापित करने, तृतीय चरण में भविष्य के खिलाड़ियों के अभिभावकों से संवाद करने और चौथे चरण में प्रतिभाशाली युवाओं को खेल विभाग की अकादमियों व स्पोर्ट्स फेडरेशन से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। खेलो बढो अभियान के अंतर्गत जिले के खिलाडियों, युवाओं व छात्र- छात्राओं को प्रदेश व जिला स्तर पर निर्मित खेल अधोसंरचनाओ में संचालित विभिन्न खेलों व खेल अधोसंरचना तथा इसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए खेलों से जोड़ना है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सुनीता यादव ने जिले में प्रशिक्षणरत खो- खो, जूडो, हॉकी, क्रिकेट खिलाड़ियों को जिले में नवनिर्मित खेल अधोसंरचना (बेडमिंटन इंडोर हॉल नरसिंहपुर) का विजिट कराते हुए उपलब्ध संसाधनों के बारे में बताया।

# जिले में संचालित हैं 48 आधार नामांतरण केन्द्र

## नागरिक सुविधा के अनुसार अपने आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

जिले के नागरिकों को आधार संबंधी कार्य कराने के लिए भटकना ना पड़े इस उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी नरसिंहपुर ने जिले में आधार नामांतरण केन्द्र की जानकारी साझा की है।

उन्होंने बताया कि नागरिक 48 आधार नामांतरण केन्द्र में जाकर आधार संबंधी कार्य करा सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बालक- बालिकाओं के नवीन आधार एवं आधार कार्ड में सभी अपडेट के लिए जनपद पंचायत चांवरपाठा के पास स्थित बीआरसी चांवरपाठा में दो, जनपद पंचायत चीचली के पास बीआरसी चीचली, बीआरसी ऑफिस करेली, गयादत्त वार्ड नरसिंहपुर स्थित सीएससी एएसके नरसिंहपुर, जनपद पंचायत नरसिंहपुर के पास बीआरसी नरसिंहपुर, सीएम राइज स्कूल के पास बीआरसी ऑफिस सांईखेड़ा, जनपद पंचायत ऑफिस सांईखेड़ा के पास बीआरसी सांईखेड़ा में आधार नामांतरण केन्द्र स्थापित है। इसी तरह सभी नागरिकों के लिए नवीन आधार एवं आधार कार्ड में अपडेट करने के लिए पोस्ट ऑफिस बरमान, लोक सेवा केन्द्र चांवरपाठा, जनपद पंचायत बावई चीचली के लोक सेवा केंद्र, सालीचौका रोड़ स्थित पोस्ट ऑफिस, सुभाष वार्ड गाडरवारा में पुराने बस स्टैंड के पास, लोक सेवा केन्द्र गाडरवारा, पोस्ट ऑफिस गाडरवारा, गाडरवारा एसओ, पोस्ट ऑफिस गोटेगांव, लोक सेवा केन्द्र गोटेगांव, पोस्ट ऑफिस करकबेल, लोक सेवा केन्द्र करेली, पोस्ट ऑफिस करेली, चौहान हॉस्पिटल के सामने नरसिंहपुर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसीबी नरसिंहपुर ब्रांच, सुनका चौराहा बैंक ऑफ इंडिया के पास नरसिंहपुर, गांधी वार्ड कंदेली नरसिंहपुर, रेलवे स्टेशन के सामने नरसिंहपुर, गयादत्त वार्ड स्टेशनगंज नरसिंहपुर, रेस्ट हाउस के सामने जनपद पंचायत के पास नरसिंहपुर, नरसिंहपुर एचओ, लोक सेवा केन्द्र सांईखेड़ा, पोस्ट ऑफिस सांईखेड़ा एवं वार्ड नं. 11 तेंदूखेड़ा में आधार नामांतरण केन्द्र स्थापित हैं।

इसके अलावा नागरिक आधार कार्ड में केवल मोबाइल एवं पता अपडेट के लिए जनपद पंचायत चीचली में दो, नवीन भवन एसडीएम कार्यालय सभाकक्ष गाडरवारा, नवीन तहसील भवन सभाकक्ष गाडरवारा, जनपद पंचायत सांईखेड़ा में दो, एसडीएम ऑफिस गोटेगांव, जनपद पंचायत ऑफिस गोटेगांव, एसडीएम ऑफिस गोटेगांव, नगर पालिका परिषद गोटेगांव, शासकीय आधार सेंटर नगरपालिका परिषद अतिरिक्त कक्ष करेली, शासकीय आधार सेंटर नगरपालिका परिषद करेली, पीजी कॉलेज के पास इस्माईल कम्प्यूटर सेंटर, शासकीय प्राथमिक शाला नरसिंहपुर, नगर परिषद तेंदूखेड़ा व शासकीय आधार केन्द्र तेंदूखेड़ा केंद्र में जाकर अपडेट करा सकते हैं। नागरिक अपने 5 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार एवं अपडेट कार्य कराने के लिए सांईखेड़ा में जाकर करा सकते हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय कक्षा 9 वीं की प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 का परीक्षा परिणाम 25 मार्च 2025 को मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर विद्यालय की संवर्गवार जिला मेरिट सूची अपलोड कर दी गई है। जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के लिए 240 सीटों की जारी सूची में कुल 100 में से अनारक्षित श्रेणी का कटऑफ 59, अन्य पिछड़ा वर्ग का कटऑफ 56, अनुसूचित जाति का कटऑफ 48, अनुसूचित जनजाति का कटऑफ 40।

# व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित




गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस पी एम श्री शास बालक उ. मा वि (बी टी आई) गाडरवारा के द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों हेतु 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का संचालन स्थानीय प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के तत्वाधान में किया गया। उक्त आयोजन संस्थान के संचालक कमल साहू के अद्वितीय सहयोग से सफलतम रूप से संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में संभागीय व्यावसायिक समन्वयक महोदय मनोज काशिव, जिला व्यावसायिक समन्वयक मुकेश साहू एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी गाडरवारा के प्राचार्य सुशील शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने संपूर्ण कार्यक्रम का निरीक्षण और समीक्षा भी की एवं प्रमाणपत्रों का वितरण कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। गौरतलब है कि विद्यालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटेल के नेतृत्व में व्यावसायिक प्रशिक्षक विनोद कुमार तिवारी एवं अंशुमान दुबे के द्वारा किया गया । इस संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल राजेश दुबे रहे। विदित हो कि विद्यालय में पदस्थ प्रयोगशाला सहायक रोहित बाल्मिक द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अपना अमूल्य सहयोग दिया। उक्त कार्यक्रम के दौरान केन्द्र की प्रशिक्षक स्वाती जैन, मुस्कान राजपूत एवं आफरीन खान के द्वारा विद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर बी टी आई संस्था प्रधान प्राचार्य श्रीमति सुनीता पटेल एवं दोनों व्यावसायिक प्रशिक्षकों विनोद तिवारी व अंशुमान दुबे ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु केन्द्र संचालक कमल साहू एवं प्रशिक्षिकाओं के प्रति अपना आभार और विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 5 एवं 8 वीं के नतीजे घोषित

**सर्वर में समस्या से परेशान हुए बच्चे, परिजन एवं शिक्षक**

गाडरवारा।

राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम बीते शुक्रवार को दोपहर एक बजे घोषित किये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर जारी किया गए। विदित हो कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर अपना रोल नम्बर/समग्र आईडी प्रविष्ट कर देखने की जानकारी दी गई थी एवं इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकने की जानकारी दी गई थी।

सर्वर की गति अत्यंत धीमे होने के चलते परिणाम जानने हेतु छात्र छात्राओ, अभिभावकों एवं शिक्षकों को असुविधा हुई। इस बार के नतीजो मे नरसिंहपुर जिले को पूरे प्रदेश मे 8 वी मे प्रथम एवं 5 वी मे दूसरा स्थान मिलने पर हर्ष का माहौल देखा गया।

# मस्जिदों में हो रहा सामूहिक रोजा इफ्तार

## रमजान के महीने में की जा रही इबादत



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान चल रहा है. मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर तरावीह पढ़कर इबादत में मशगूल है रमजान के महीने में अल्लाह की जितनी मदद की जाए उतनी कम है यह महीना रहमत और बरकत का है अल्लाह रहमत की बारिश करता है रमजान के अल्लाह अगर माफी मांगे तो अल्लाह उसके गुनाह माफ कर देते हैं तेज गर्मी के बावजूद भी रोजेदारों को उत्साह बरकरार है लोग ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत मैं गुजार रहे हैं मुसलमानों के लिए रमजान का महीना खास माना गया है।

शाम को मगरिब की अजान के पूर्व शहर की मस्जिदों में रोजा खोलने पकवान फल आदि इफतार के लिए लेकर पहुंचने लगते हैं अजान होते ही सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया जा रहा है कई स्थानों पर एवं घरों में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तराबीह की नमाज के बाद मस्जिदों में खाने की दावत चल रही है रमजान के 21 वे रोजे से तीसरा अशरा चालू हो गया है तीसरे अशरे को बेहद खास माना गया है. ये जहन्नम यानीनर्क की आग से खुद को बचाने के लिए है. तीसरा अशरा 21वें दिन से 29वें या 30वें दिन तक चलता है. रमजान के आखिरी अशरे में कई मुस्लिम एतकाफ में बैठते हैं. माना जाता है कि एतकाफ में बैठने वाले लोगों पर अल्लाह की विशेष रहमत होती है. एतकाफ के दौरान 10 दिनों तक एक ही स्थान पर बैठते हैं, वहीं सोते हैं, खाते हैं और नमाज पढ़ते हैं। मुस्लिम पुरुष मस्जिद के कोने में 10 दिनों तक एक जगह बैठकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राजा भैया पटैल आयु 86 वर्ष पिता स्व. शंकर लाल निवासी ग्राम डांगीढाना तह. व जिला नरसिंहपुर शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मुझे पूर्व में राजा भैया के नाम से जाना जाता था तथा पासपोर्ट कार्यालय भोपाल से मेरा पासपोर्ट जारी किया गया था जिसका क्रमांक M1784198 है। मेरा पूरा नाम राजा भैया पटैल है व मेरे समस्त दस्तावेजों में भी मेरा का नाम राजा भैया पटैल दर्ज है। मुझे राजा भैया एवं राजा भैया पटैल उक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम राजा भैया पटैल दर्ज करवाना चाहता हूं।

सही नाम
राजा भैया पटैल
गलत नाम
राजा भैया

# कटनी बना ठगों का गढ़, सोने की मोहरों का जाल बिछाकर की जा रही ठगी

## अब मुरैना के व्यापारी को ट्रांसपोर्टर नगर बाइपास के समीप जंगल में बनाया शिकार

### एक माह में एक बाद एक तीन वारदातों से खलबली, पुलिस खाली हाथ



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** महाकुंभ प्रयागराज में देशभर के लोगों के बीच कटनी जिले के पारधी सामुदाय के लोग भी पहुंचे। यहां करीब दो महीनों तक रहकर किसी पारधी ने फूलों की माला बेची तो किसी ने रुद्राक्ष। इस कारोबार के बीच पारधियों ने महाकुंभ में कारोबार कर रहे व्यापारियों के बीच सोने की मोहर होने का जाल भी डाल दिया। बताया कि हमारे पास भारी मात्रा में सोने की मोहर है और हम कम दामों में आपको बेच देंगे। पारधियों के फैला, इस जाल में महाकुंभ खत्म होने के बाद देश के अलग-अलग जिलों से आकर दुकानदार व व्यापारी फंस रहे है और ठगी का शिकार हो रही है। कुठला थाना क्षेत्र में पारधियों ने एक बार फिर मुरैना के एक व्यापारी को सोने की मोहर देने के नाम पर ठग लिया। धोखाधड़ी के शिकार व्यापारी ने कुठला थाना में शिकायत दर्ज कराई हैं। हालांकि यह पहला मामला नहीं है। पिछले एक माह में पारधियों ने ऐसी तीन वारदातों को अंजाम देकर लाखों की ठगी की है, लेकिन पुलिस अबतक इन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है। 17 मार्च कुठला थाना क्षेत्र में रीवा जिले के गुढ़ निवासी हिंमाशु चतुर्वेदी और विजय तिवारी को ठगी का शिकार बनाया गया। इंद्रानगर बायपास के समीप पन्ना रोड में जंगल में मिलकर 7 लाख रुपए रुपए आधा पाव सोना दिया। वापस सोना लेकर रीवा रवाना हो गए। रीवा में फिर चेक कराया तो नकली निकला। 8 मार्च को लालच में फंसकर सोने की मोहर लेने हरी बाबू पिता जादन सिंह 53 निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान, रविंद्र सिंह पिता फूल फूल सिंह 63 निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान दोनों कटनी पहुंचे थे। पारधियों ने यहां द्वारा बाइपास में नकद रुपए छीन लिए और मारपीट कर भाग निकले। मुरैना निवासी राय सिंह राठौर पिता जगजीत सिंह निवासी महाकुंभमें कारोबार करने गए थे। यहां उनका परिचय पारधियों से हुआ था। पारधियों ने उन्हें सोने की मोहर होने का लालच दिया। पिछले माह राय सिंह कटनी आए और दो मोहर ले गए। ये मोहर असली थी। फिर 25 मार्च को अधिक संख्या में मोहर लेने के लिए कटनी पहुंचे। पुलिस को दी शिकायत में रायसिंह ने बताया नंदकुवर पारधी से वे बस स्टैंड में मिले। इसके बाद वह उन्हें लेकर ट्रांसपोर्ट नगर बाइपास के पास जंगल में लेकर गया। यहां कहां कि रुपए दे दो मैं मोहर लेकर आता हूं। मैने 1.55 लाख रुपए दिए और नंदकुवर अपने साथियों के साथ मोहर लेने चला गया। इसके बाद वह नहीं लौटा। पीड़ित राय सिंह दूसरे दिन तक पाराधियों को फोन करते रहे लेकिन वे नहीं है। इसके बाद पीड़ित ने एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी नंदकुवर पारधी, लल्लू उर्फ शहनशाह पारधी व नंदकुंवर की पत्नी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। पारधियों द्वारा महाकुंभ के दौरान वहां व्यापार कर रहे लोगों को सोने की मोहर देने का लालच देकर कटनी बुलाया गया और धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया गया है।



# सपा-राज्यसभा संसद की सदस्यता समाप्त कर राष्ट्र द्रोह का मामला पंजीबद्ध करने की मांग

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व समस्त राजपूत समाज ने सौपा ज्ञापन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आपको विदित हो की समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा सांसद में क्षत्रिय शिरोमणि वीर हिंदू हृदय सम्राट महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी महाराणा सांगा के विरुद्ध अश्वनी शब्दों का प्रयोग किया जिससे संपूर्ण भारतवर्ष का क्षत्रिय समाज हुआ हिंदू समाज आक्रोशित है। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन अभी भी अपनी टिप्पणी पर अधिक है और माफी मांगने को तैयार नहीं है जिससे कटनी जिले का संपूर्ण क्षत्रिय राजपूत व हिंदू समाज आक्रोशित है। जिसके चलते कटनी जिले का क्षत्रिय राजपूत समाज ने विरोध जताते हुए सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला भैंस पर बैठालकर ढोल बाजे के साथ बारात निकली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्त किया गया कि राजनीति के चलते राजपूत समाज को टारगेट बार-बार किया जा रहा है इससे पूर्व मध्य प्रदेश के विशाल लाल साहू द्वारा गुजरात सांसद रूपल द्वारा क्षत्रिय समाज को टारगेट किया गया है कई फिल्म डायरेक्टर द्वारा भी क्षत्रिय समाज के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर फिल्मों में दिखाकर क्षत्रिय समाज की छवि धूमल की जाती है क्षत्रिय समाज और बर्दाशत नहीं करेगा हम इसका मूह तोड़ जवाब देंगे। क्षत्रियों का खून अभी पानी नहीं हुआ है उसमें अभी भी उबल बाकी है। क्षत्रिय समाज ने समाज देश की अखंडता के लिए अपने रियासतें कुर्बान कर दी उसका परिणाम आज यह है कि कुछ भड़वे क्षत्रिय समाज हिंदू समाज को गद्दार कहते हैं इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। महाराणा सांगा द्वारा अपने शरीर पर 80 घाव खाते हैं तथा एक हाथ व पैर से राष्ट्र के लिए युद्ध लड़ा उनका यह बलिदान हैं व्यर्थ नही जाने देंगे महाराणा सांगा व हिंदू समाज के सम्मान लिए है हम हर कुर्बानी देने को तेयार है। करणी सेना परिवार से जिला अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने व्यक्त किया हम अपने महापुरुषों का अपमान हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे अगर हमें छोड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं संसद तक विरोध करेंगे। क्षत्रिय समाज द्वारा ज्ञापन देकर महामहिम राष्ट्रपति से मांग की की राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को राज्यसभा सदस्य से बर्खास्त किया जावे तथा राज्यसभा सांसद के अंदर आने पर पाबंदी लगाई जावे तथा महापुरुष महाराणा सांगा व हिंदू समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर गद्दार कहीं जाने पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया जावे यदि उक्त संसद के विरुद्ध सदस्य भंग नहीं की जाती है और राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज नहीं किया जाता है तो क्षत्रिय समाज यह मानेगा की राज्यसभा के समस्त सदस्य रामजीलाल सुमन के वक्तव्य को समर्थन करते हैं और संपूर्ण भारत वर्ष का क्षत्रिय समाज संसद का घिराव करने को मजबूर होगा। प्रदर्शन के दोरान अनिल सिंह सेंगर, गणेश सिंह, राजेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, शैलेंद्र सिंह, मनीष सिंह, हरिशरण सिंह, सुशील सिंह, युवराज सिंह, भास्कर सिंह, कोमल सिंह, धीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, मार्तांड् सिंह, हुमांशु सिंह, संदीप चौहान, शुभम सिंह, सत्यम सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, वीर सिंह, उत्तम सिंह, कार्तिक सिंह, प्रभात सिंह, प्रतिभा सिंह, विकास सिंह, उदयराज सिंह, देवराज सिंह, मधमेंद्र सिंह, अजय सिंह, अस्तित्व सिंह, आदर्श सिंह, रेखा सिंह, मंजू सिंह, केशव सिंह, शुभम सिंह, राजभान सिंह, राहुल सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, सुरजीत सिंह, सेकड़ो राजपूत उपस्थिति रहे।

# जेपीवी डीएवी में घोषित हुए परीक्षा परिणाम की अभिभावकों ने की प्रशंसा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जेपीवी डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवी की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश डीएवी जोन के क्षेत्रीय निदेशक एस के सिंहा की गरिमामई उपस्थिति रही। उन्होंने मां सरस्वती के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्यालय की प्रगति की प्रार्थना की। तत्पश्चात सर्वप्रथम विद्यालय में 100 प्रतिशत उपस्थित वाले विद्यार्थियों को शील्ड व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, इनमें पार्थ सोनी, आर्चा सुहाने, अंश कुशवाहा, सुहाने, कीर्ति मिश्रा और अनन्या निषाद को यह गौरव मिला । फिर स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड प्रदान किए गए। जिनमें कक्षा तीसरी से अपेक्षा खरे, आर्यन यादव, आद्या, अदिति, हितेन भैरवानी, स्वर्णा जैन, नित्यम पांडे को कक्षा चौथी से ऋषिका सिंह, सौरभ कुमार, हनी नारंग, कार्तिक पांडे, आर्चा सुहाने, प्रीतेश शाह को एवं कक्षा पांचवी से सुहाने प्रखर गुप्ता, अमायरा साहू, श्लोक पटेल, अस्वी चंदेल और अबीर खरे को यह अवार्ड मिला। इसी क्रम में टॉप फाइव अचीवर्स अवार्ड कक्षा तीसरी से आरुष सिंह, अमिराज परोहा, आराध्या सिंह, आर्या यादव, अपेक्षा खरे, आद्या, अदिति, हितेन भैरवानी, अनमोल कुमार, छवि वाधवानी, देवांजलि, स्वर्णा जैन, नित्यम कुमार पांडे, अद्विक कपूर, समीता, सरकार, अद्विक तिवारी कक्षा चौथी से साहिल हरियाणी, सौरभ कुमार, केशवन भार्गव निर्मित सोनी अनाबिया फातिमा, हनी नारंग, अंश साहू, कार्तिक पांडे, आयुष भाटी सुभाषिनी अग्रवा, मनु एकांत कलरा, हर्ष तिवारी, आर्च सुहाने, आर्या जैन, कक्षा पांचवी से आर्या होतवानी, शेफाली असरानी, सुहाने, शौर्य तिवारी, परिन ठाकरे सिद्धिमां, अमायरा साहू, कीर्ति मिश्रा, संवित त्रिपाठी, आरोही सिंह, जय श्रीनिकेश, प्रियांशु गौतम, अबीर खरे, अंकुश शर्मा और असवी चंदेल को यह अवार्ड प्राप्त हुए। प्राचार्य सिंहा ने अपने उद्बोधन में पुरस्कृत बच्चों की मेहनत लगन की सराहना की एवं उनके अभिभावकों को बधाइयां दीं। उन्होंने कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया मंच संचालन जिलपा अब्राहम ने किया। विगत दिवस कक्षा छठी सातवीं एवं नवीं के शत प्रतिशत परीक्षा परिणामों की अभिभावकों ने खूब प्रशंसा की एवं पुरस्कृत बच्चों को जोरदार तालियों से अभिवादन किया।



# जिला गौ रक्षा प्रमुख बने शिवम् सेन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल कटनी जिले की जिला बैठक सत्यम मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुए बैठक के दौरान बजरंगदल के पदाधिकारियों में फेर बदल किया गया शिवम् सेन जोकि पूर्व में बजरंगदल के नगर संयोजक थे अब वो विहिप बजरंगदल के जिला गौ रक्षा प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।

# चेट्रीचंड महोत्सव पर नन्हें बच्चों ने भजन एवं डांस की दी प्रस्तुति



कटनी (स्वतंत्रमत)। भगवान श्री झूलेलाल चेटीचंड महोत्सव पर संपूर्ण प्रदेश में देश में चेटीचंड महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम तमाम जगह पर किए जा रहे हैं समाज के उत्थान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता बड़े जोड़ शोर से समाज के उत्थान के लिए तमाम जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। झूलेलाल सेवा मंडल माधव नगर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छोटे-छोटे बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम भजन गाकर डांस करके समाज को एक संदेश दिया है इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन झममटम ठारवानी, थारवानी खियल चावला, राजा जगवानी, विजय बाधवानी, ईश्वर बहरानी, लक्ष्मण नंदवानी, मनोहर लाल बजाज, प्रकाश वाधवानी, राजकुमार आहुजा, सोनू चावला, शंकर मुरजानी, सुदामा सचदेवा, भेरवानी देवीदास, तुलसयानी नारायण जगवानी, विक्की नावानी, अमित नावानी, मनोज सोनी, तमाम मातृशक्ति सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अंशिता सिंघई ने किया नगर का नाम रोशन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की बीडीएस फाइनल ईयर परीक्षा में प्रथम रैंक कैमोर मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीडीएस फाइनल ईयर की परीक्षा में हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल जबलपुर में अध्यनरत छात्राओं ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया अंशिता सिंघई ने 1320 अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल की तथा 1310 अंक प्राप्त कर याशिका मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 1296 अंक प्राप्त कर आशी श्रीवास्तव ने पांचवा स्थान अर्जित किया हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर राजेश धीरवानी डीन, डॉक्टर रोहित मिश्रा तथा रजिस्ट्रार जय केसवानी तथा स्टाफ ने छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनके समर्पण एवं कड़ी मेहनत बताया है अंशिता सिंघई के पिता राजेश सिंघई आदिनाथ प्राइवेट आईटीआई एवं कॉलेज के प्राचार्य हैं तथा माता अनीता सिंघई पूर्व में एसीसी कंपनी में कार्यरत रही हैं अंशिता सिंघई कि इस सफलता पर हर्ष व्याप्त है।

# कान्य कुब्ज वैश्य कटनी सभा द्वारा होली मिलन





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री कान्य कुब्ज वैश्य कटनी सभा द्वारा होली मिलन समारोह सभी स्वजातीय बंधुओं के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग से किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तीनो इकाई का फूल माला, गुलाल से स्वागत किया गया। एवं होली भजन, बच्चों की शानदार प्रस्तुतियां, ओर बहुत ही मजेदार गेम खिलाये गये, वरिष्ठ मंडल, महिला इकाई को, सभी बहुओं को, जिसमें तुलसी गुप्ता, मति सुनीता गुप्ता, मति पूजा गुप्ता, राधा गुप्ता विजेता रही। आयोजन गुलाबरानी धर्मशाला कटनी में सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता द्वारा गेम्स खिलाए गए एवं मंच संचालन किया गया। मातृशक्ति उदाहरण उपहार दिए गए। सभी सम्माननीय स्वाजातिय बंधुओं का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट भोजन व्यंजनों की बगिया एवं आभार से किया गया।



# नालंदा विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नालंदा उच्च माध्य विद्यालय, 21 सिविल लाइन कटनी के छात्र-छात्राओं का सत्र 2024-25 मे परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। कक्षा पाँचवीं में आशिया सिद्दकी 94.25 प्रतिशत प्रथम, आकांक्षा कुमारी 91.25 प्रतिशत द्वितीय तथा आर्यव जयसवाल 90.5 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में दीपांशु पंजाबी 92प्रतिशत प्रथम, अनोखी गुजराती 91.16 प्रतिशत द्वितीय एवं फलक आफरीन 90.16 प्रतिशत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने अपनी इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना करते हुये उनका आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबन्धक समिति, प्राचार्या मति जूही सीरवानी एवं उप-प्राचार्या मति शोभना सिंह ने छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत 23,162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हुई अंतरित

## सीधा प्रसारण कार्यक्रम नगर निगम में हुआ आयोजित, हितग्राहियों को वितरित हुए स्वीकृति पत्र, हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री को किया धन्यवाद प्रेषित





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 28 मार्च को सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के तहत 23,162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कटनी नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी, आयुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उपस्थित 11 श्रमिक हितग्राहियों को 2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। निगम सीमांतर्गत कुल 23 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर सूरी ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद प्रेषित किया, जिसके अंतर्गत गरीबों असहाय, लोगों को इस योजना के तहत आर्थिक लाभ मिल पा रहा है। विदित हो मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। निगम अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में आयी उत्तराधिकारी हितग्राही मनोरमा बड़गैयां ने बताया कि अक्टूबर 2023 में कैंसर के कारण 47 वर्ष की उम्र में उनके पति उमकान्त बड़गैयाँ की मृत्यु हो गई। उनकी 2 संतान हैं, बीमारी के इलाज के दौरान भी अत्यधिक पैसे लग चुके थे, जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक प्रभावित हुई, किंतु मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना संबल योजनांतर्गत उन्हें दो लाख रुपये की राशि हेतु स्वीकृति आदेश मिला जिससे उपयोग वे अपने बच्चों की शिक्षा में कर सकेंगी। इसी प्रकार सी.एल.पी वार्ड निवासी हितग्राही सुधा चौधरी ने बताया कि अगस्त 2024 में हार्ट अटैक के कारण 49 साल की उम्र में उनके पति की मृत्यु हो गई, पति के जाने के बाद उनकी चार संतान के पालन पोषण में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उन्हें संबल योजना के तहत 2 लाख राशि रुपये का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका उपयोग वे बच्चों के पालन पोषण में कर सकेंगी। सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को इस महत्वपूर्ण गरीब कल्याणकारी योजना हेतु धन्यवाद प्रेषित किया है। निकाय अन्तर्गत सीधा प्रसारण कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, डॉ रमेश सोनी, एड सुरेंद्र गुप्ता पार्षद शकुंतला सोनी, सुमित्रा रावत, सुशीला मिश्रीलाल, प्रभा गुप्ता, निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

# मुंबई में पंड्या की वापसी: गुजरात के खिलाफ गेंद और बल्ले से उगलेगा आग




**अहमदाबाद ।** आईपीएल के 18 वें सत्र में शनिवार को यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगी। दोनो ही टीमों को अपने शुरुआती मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में से मुंबई टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या वापसी करेंगे।

हार्दिक प्रतिबंध के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाये थे। उसमें उनकी जगह पर सूर्यकुमार यादव ने कप्तान की थी। वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेलने जा रही शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था।

## पहले मैच के बाद एक सप्ताह का ब्रेक मिला

मुंबई इंडियंस को पहले मैच के बाद एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वह तरोताज होकर गुजरात के खिलाफ उतरेगी। इस बार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के रहीं होने से मुम्बई की गेंदबाजी कमजोर नजर आयी है। इस मैच से हार्दिक के होने से टीम को एक तेज गेंदबाज भी मिल जाएगा। हार्दिक अभी भारत के सबसे अच्छे ऑलराउंडर हैं और उनके होने से मुम्बई को फायदा होना तय है।

## हार्दिक के होने से मैच में मुम्बई का पलड़ा भारी

हार्दिक के होने से इस मैच में मुम्बई का पलड़ा भारी नजर आता है। ऐसे में गुजरात के गेंदबाजों को उनपर अंकुश लगाना होगा। इस पिच पर कलाई के स्पिनर विग्नेश पुथुर का सामना करना गुजरात के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।


गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा, साई सुदर्शन , ग्लेन फिलिप्स आदि पर निर्भर करेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों के पास रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्ज़ी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

# रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता रजत पदक




**अम्मान (वार्ता)।** मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया हैं। जार्डन के अम्मान में गुरुवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान रीतिका किर्गिस्तान की ऐपेरी मेदेत किजी से 7-6 से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एक समय रीतिका 6-2 से आगे थीं, लेकिन आखिरी सेकेंड में बढ़त को गंवा दिया। 25 से 30 मार्च के बीच आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में रितिका हुड्डा ने सेमीफाइनल मुकाबले में कोरिया की पहलवान सेउयोन जोंग को 10- 0 से पटखनी देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया. उसके बाद, हुए फाइनल मुकाबले में उन्हें 7- 6 से हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस बारे में जानकारी देते हुए उनके कोच ने बताया कि रितिका ने कुश्ती की शुरुआत 72 किलोग्राम भार वर्ग में की, जिसमें उन्होंने दर्जनों मेडल अपने नाम किए। ओलंपिक में यह भार वर्ग नहीं होता, इसलिए इस खिलाड़ी द्वारा 76 किलोग्राम भार वर्ग में खेलना शुरू किया गया।

## 3 पहलवानों ने किया प्रदेश का नाम रोशन

इस प्रतियोगिता में प्रदेश की पहलवानों ने 3 पदक जीतकर प्रदेश का नाम चमकाया है। रितिका के अलावा, मुस्कान नांदल ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में और मानसी लाठर ने 68 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोच मनदीप ने जानकारी दी कि पहले राउंड में रितिका को बाई मिली। वहीं, दूसरे राउंड में जापान की पहलवान नोडोका यामामोटो को 10- 0 से हराकर उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी एंट्री पक्की की।

# कोर्डा को हराकर जोकोविच अंतिम चार में



**फ्लोरिडा (वार्ता)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को हराकर मियामी ओपन में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एक घंटा 24 मिनट तक चले मुकाबले में गुरुवार को दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने दूसरे सेट में ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए कोर्डा पर 6-3 7-6 (7-4) से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया।

# ओसासुना को हराकर बार्सिलोना अंकतालिका में शीर्ष पर

मैड्रिड (वार्ता)

फेरान टोरेस और डानी ओल्मो के शुरुआती गोलों की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने ओसासुना को हराकर, ला लीगा की अंकतालिका में तीन अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। कैम्प नोउ में गुरुवार को खेले गये इस मुकाबले में बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओसासुना के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की।

# टी20 प्रारुप से गेंदबाजों की मुश्किलें बढ़ीं : अश्विन



**नई दिल्ली ।** अनुभवी गेंदबाज आर अश्विन ने कहा है कि जिस प्रकार से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रन बन रहे हैं। उससे खेल बल्लेबाजों के पक्ष में होता जा हरा है। अश्विन ने कहा कि टी20 प्रारुप से गेंदबाज खतरे में पड़ गये हैं। इसमें बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा लाभ मिल रह है। आईपीएल में पहले हफ्ते में 200 से कम रन के स्कोर बहुत कम देखने को मिले हैं। अश्विन ने कहा कि गेंदबाजों पर लगातार रन रोकने का जो दबाव है, उसके कारण वे मानसिक रुप से थक गये हैं और उन्हें सहायता की जरुर है। अश्विन ने कहा कि कुछ आईपीएल पिचों पर गेंदबाजों के लिए सफल होना मुश्किल होता जा रहा है। पहले सप्ताह के मैचों में ज्यादातर मुकाबले बड़े स्कोर वाले रहे। केवल दो मैचों में 200 से कम रन बने। यहां तक कि कम स्कोर वाले मैचों में भी, एक टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। कई अन्य मैचों में टीमों ने 200 से ज्यादा रन बनाए। कुछ टीमों ने बड़े स्कोर का पीछा किया और कुछ ने ज्यादा रन बनाकर भी मुश्किल से जीत हासिल की। इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद, टीमों को एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने की अनुमति मिली।

# चेन्नई और मदुरै करेंगे हॉकी विश्वकप की मेजबानी

**नयी दिल्ली (वार्ता)** तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाली एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी करेंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी करने वाले तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै शहरों के नामों की घोषणा की। दो सप्ताह तक चलने वाले इस हॉकी महाकुंभ में पहली बार 24 टीमें भाग ले रही।

# भारत में इंटर्नशिप आधारित नौकरियाँ बढ़कर हुई दोगुनी


बेंगलुरु (वार्ता)।



इंटर्नशिप का महत्व बढ़ता जा रहा है क्योंकि कंपनियाँ युवाओं को वास्तविक विश्व के कौशलों से लैस करने की तैयारी कर रही हैं और भारत में इंटर्नशिप के आधार पर नौकरियों में पिछले तीन सालों में 103 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के नए आँकड़ों के अनुसार भारत में इंटर्नशिप आधारित नौकरियों में पिछले तीन सालों (फरवरी 2022 से फरवरी 2025 के बीच) 103 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे प्रदर्शित होता है कि व्यवसाय किस प्रकार शिक्षा जगत और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच का अंतर दूर करने के लिए इंटर्नशिप्स को बढ़ाकर दोगुना कर रहे हैं। पिछले एक साल में इंटर्नशिप के आधार पर नौकरियां 23 प्रतिशत बढ़ी हैं, जिससे भविष्य के लिए तैयार प्रोफेशनल्स के विकास पर स्थिर केंद्रण प्रदर्शित होता है। उद्योगों के विकास, विशेषकर एआई डेटा एनालिटिक्स, और डिजिटल परिवर्तन के साथ कंपनियाँ इंटर्नशिप का उपयोग न केवल प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने के लिए, बल्कि प्रतिभाओं की भर्ती करके उन्हें तैयार करने के लिए भी कर रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, और महाराष्ट्र में इंटर्नशिप्स की खोज क्रमश: 7.2 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत, और 6.2 प्रतिशत होकर सबसे ज्यादा हैं। इनडीड इंडिया के सेल्स प्रमुख शशि कुमार ने कहा, युवा प्रोफेशनल्स को इंटर्नशिप अपने कौशल को मजबूत बनाने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करती हैं, ताकि वो प्रायोगिक अनुभवों की मदद से विकसित होता हुआ करियर प्राप्त कर सकें। इंटर्नशिप अब केवल रेज़्यूमे का वजन नहीं बढ़ाती है, बल्कि यह व्यवसायिक दुनिया में आपका पहला कदम बन गई है। आपको जो कौशल सीखने को मिलते हैं और जो अनुभव आप प्राप्त करते हैं, उससे आपका करियर निश्चित होता है। इनडीड के आँकड़ों में सामने आया कि कंपनियाँ इंटर्नशिप के लिए भिन्न-भिन्न तरह के कौशलों को प्राथमिकता देती हैं, जिनमें कम्युनिकेशन स्किल्स (31.99 प्रतिशत) सबसे ऊपर है। मांग में रहने वाले अन्य कौशल में इंग्लिश प्रोफिशिएंसी (12 प्रतिशत), कीवर्ड रिसर्च (9 प्रतिशत), एनालिटिकल स्किल्स (9 प्रतिशत), एसईओ एक्सपर्टाईज़ (8 प्रतिशत), माईक्रोसॉफ्ट एक्सेल (8 प्रतिशत), पायथन प्रोग्रामिंग (7 प्रतिशत), माईक्रोसॉफ्ट ऑफिस प्रोफिशिएंसी (7 प्रतिशत),एचटीएमएल और जावास्क्रिप्ट (प्रत्येक 6 प्रतिशत) भी महत्वपूर्ण है, जिससे डिजिटल और वेब डेवलपमेंट कौशल की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है।

इनडीड के आँकड़ों के मुताबिक भारत में इंटर्नशिप के दौरान मिलने वाला औसत वेतन 25,432 रुपये प्रति माह है, लेकिन हैदराबाद, बेंगलुरू, मुंबई, पुणे, और गुड़गाँव में राष्ट्रीय औसत के मुकाबले ज्यादा वेतन मिलता है। दूसरी तरफ, चेन्नई और कोलकाता में सबसे कम वेतन दिया जाता है।

# पायनियर भारत में इन-कार उत्पादों का निर्माण शुरू करेगा




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पायनियर कॉर्पोरेशन ने आज घोषणा की कि वह 2026 से भारत में इन-कार उत्पादों का निर्माण शुरू करेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वर्ष 2023 में भारत में एक अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करने के बाद, यह रणनीतिक कदम पायनियर समूह की भारतीय बाजार में उपस्थिति और स्थिति को और अधिक सशक्त करेगा। भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर रहा है, और इस पहल के माध्यम से पायनियर अपनी भागीदारी को और विस्तृत करेगा। क्रिएटिंग द फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी एक्सपीरियंस की अपनी कॉर्पोरेट विज़न के तहत, पायनियर खुद को एक संपूर्ण समाधान प्रदाता कंपनी के रूप में परिवर्तित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति स्थापित करने के उद्देश्य से, कंपनी ने बाहरी उद्योग विशेषज्ञों को अपने नेतृत्व दल में शामिल किया है और भारत व जर्मनी में अनुसंधान एवं विकास केंद्रों की स्थापना की है। पायनियर भारत को जापान के बाहर अपने सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक मानता है।

इन-कार उत्पादों का स्थानीय स्तर पर निर्माण शुरू करने के साथ, जिसे स्थानीय उत्पादन भागीदारों के सहयोग से किया जाएगा, कंपनी भारत में एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला की स्थापना करेगी। यह पहल भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं के साथ पायनियर के संबंधों को और मजबूत करेगी। इसके तहत, स्थानीय आवश्यकताओं को उत्पाद डिजाइन और निर्माण में समाहित करने में अधिक लचीलापन मिलेगा, आपूर्ति समय में उल्लेखनीय कमी आएगी और आवश्यकतानुसार बिक्री पश्चात सेवा त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जा सकेगी। स्थानीय उत्पादन की शुरुआत ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए डिस्प्ले ऑडियो प्रोडक्ट्स से होगी, जिसके बाद अन्य इन-कार उत्पादों के निर्माण का विस्तार फैक्ट्री इंस्टॉलेशन और रिटेल चैनलों दोनों के लिए किया जा सकता है।




# स्कोडा ऑटो का वियतनाम में असेंबली प्लांट

## भारत से निर्यात होंगे कुशाक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्कोडा ऑटो और वियतनाम के क्षेत्रीय भागीदार थान्ह कॉन्ग ग्रुप ने वियतनाम के क्वांग निन्ह प्रांत में स्कोडा कुशाक और स्लाविया मॉडलों की असेंबली के लिए एक अत्याधुनिक फैक?ट्री शुरू करने की घोषणा की है। स्कोडा ऑटो ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह कदम स्कोडा की वैश्विक रणनीति का अहम हिस्सा है, जिससे वह यूरोप के बाहर खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में अपनी उपस्थिति को सशक्त कर रही है। इस नई फैक्ट्री में स्कोडा भारत से कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन (सीकेडी) किट्स आयात कर कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान की असेंबली करेगी। कुशाक का सीरीज उत्पादन 26 मार्च से शुरू हो चुका है और स्लाविया का उत्पादन इस गर्मी में शुरू होने की योजना है। यह रणनीति भारत और वियतनाम के बीच भौगोलिक तालमेल का लाभ उठाने के साथ-साथ लागत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने का एक कारगर माध्यम भी है। क्वांग निन्ह स्थित इस अत्याधुनिक प्लांट में वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली की संपूर्ण सुविधाएं हैं। इसमें एक उच्च गुणवत्ता वाला कंट्रोल सेंटर, सटीक मापन के लिए विशेष इकाई, और लगभग दो किलोमीटर लंबा एक टेस्ट ट्रैक भी शामिल है, जिसे स्थानीय सड़क स्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इस समय वियतनाम में स्कोडा के 15 बिक्री केंद्र हैं, जिन्हें 2025 के अंत तक बढ़ाकर 32 करने की योजना है।

# आईएचसीएल ने पेश किया नया 'क्लेरिजेज कलेक्शन'

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा समूह की प्रमुख आतिथ्य सेवा कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने शुक्रवार को अपना नया क्लेरिजेज कलेक्शन पेश करते हुये कहा कि क्लेरिजेज से शुरू होकर नए बुटीक लक्जरी होटल ब्रांड के तहत 2030 तक 20 से अधिक संपत्तियां जोड़ने की योजना है। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने क्लेरिजेज होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के सुरेश नंदा की मौजूदगी में यह घोषणा करते हुये कहा कि आईएचसीएल की क्लेरिजेज कलेक्शन के तहत करीब 20 संपत्तियां रखने की योजना है। उन्होंने कहा कि ये प्रमुख प्रवेश द्वार वाले शहरों के केंद्र में स्थित होंगे जो सांस्कृतिक और सामाजिक प्रमुखता के केंद्र के रूप में काम करेंगे।

नए कलेक्शन के तहत होटलों को विकसित किये जाने के बारे में पूदे जाने पर उन्होंने कहा, क्लेरिजेज कलेक्शन पोर्टफोलियो का ज्यादातर हिस्सा, 80 फीसदी मौजूदा संपत्तियां होंगी। 15 मौजूदा हो सकती हैं और चार से पांच नई इमारतें होंगी।

# व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका से बाजार ढेर

मुंबई (वार्ता)



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताबड़तोड़ टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, रियल्टी, टेक औश्र फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार ढेर हो गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 191.51 अंक टूटकर 77,414.92 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.60 अंक उतरकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.68 प्रतिशत की गिरावट लेकर 41,531.12 अंक और स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत फिसलकर 46,638.13 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2499 में बिकवाली जबकि 1497 में लिवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2976 कंपनियों के शेयरों में से 1807 में गिरावट जबकि 1099 में तेजी रही वहीं 70 में टिकाव रहा।

बीएसई में तेल एवं गैस, बैंकिंग और एफएमसीजी में 0.67 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.37, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.02, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.36, आईटी 1.77, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.08, ऑटो 1.07, कैपिटल गुड्स 0.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, धातु 0.43, पावर 0.97, रियल्टी 1.44, टेक 1.39, सर्विसेज 0.79 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.87 प्रतिशत लुढ़क गए।

विदेशी बाजारों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.98, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.67 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 84 अंक बढ़कर 77,690.69 अंक पर खुला और दमदार लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,766.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 77,185.62 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 77,606.43 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत लुढ़ककर 77,414.92 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी आठ अंक की बढ़त लेकर 23,600.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,649.20 अंक के उच्चतम जबकि 23,450.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,591.95 अंक की तुलना में 0.31 अंक गिरकर 23,519.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 3.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.45, एचसीएल टेक 2.20, मारुति 2.10, जोमैटो 2.07, इंफोसिस 2.07, पावरग्रिड 1.51, अडानी पोर्ट्स 1.33, टीसीएस 1.29, अल्ट्रासिम्को 0.90, एनटीपीसी 0.87, टाइटन 0.71, टाटा स्टील 0.68, टेक महिंद्रा 0.64, बजाज फाइनेंस 0.41, एलटी 0.35, रिलायंस 0.27, एसबीआई 0.10 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, कोटक बैंक 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.01, आईसीआईसीआई बैंक 0.87, टाटा मोटर्स 0.82, नेस्ले इंडिया 0.75, भारती एयरटेल 0.44, एक्सिस बैंक 0.31, एचडीएफसी बैंक 0.18, आईटीसी 0.10, सन फार्मा 0.06 और बजाज फिनसर्व के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# मुश्किल वक्त में जरूरतमंद का सहारा बनती है संबल योजना: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 550 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पांच हितग्राहियों से वर्चुअली बातचीत कर उनके परिजन के अवसान पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

**श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव:**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही हमारी प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में अच्छा कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार में सुख के सूरज का उदय हो और आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता–पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है।

**संबल योजना में अब तक 6 लाख से अधिक परिवारों को हितलाभ:**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय: योजना में शामिल किया गया है। गरीब बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रूपए देने की व्यवस्था की है।

**संबल योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की:**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से जुड़े संबल योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार, खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा, शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर, दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी से बातचीत की। श्रीमती अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रूपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2-2 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में मंदसौर की श्रीमती अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं। शहडोल की श्रीमती मन्नू ढीमर ने बताया कि वे छोटी किराना दुकान संचालित कर रही हैं। दतिया की श्रीमती कल्लन वाल्मीक, सीहोर की श्रीमती शिव कुमारी और खरगोन की श्रीमती प्रेमलता कर्मा ने बताया कि संबल योजना में मिली सहायता से परिवार के लालन–पालन और बच्चों की पढ़ाई में मदद मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जुड़े सभी हितग्राहियों से लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान योजना, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का आहवान किया।

**जरूरत के समय मदद करती है संबल योजना : पटेल:**–श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना वर्ष 2018 में प्रारंभ हुई थी। सरकार की यह योजना जरूरतमंदों की मदद करने वाली योजना है। योजना के प्रारंभ से अब तक 5 हजार 927 करोड़ रुपए का लाभ हितग्राहियों को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की राशि, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है। स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थाई अपंगता पर 1 लाख रुपए की राशि श्रमिक परिवारों को दी जाती है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज 23 हजार 162 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में योजना का बैकलॉग खत्म किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में कई जिले ऐसे हैं जहां हितग्राहियों को 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि औसतन प्रति माह 3.5 हजार प्रकरणों का निराकरण संबल योजना के तहत किया जाता है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विश्व विख्यात बिजनेस कंसलटेंट डॉ. रामचरण ने भेंट की

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विश्व विख्यात बिजनेस कंसलटेंट, लेखक तथा वक्ता डॉ. रामचरण ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. रामचरण को प्रदेश में व्यवसाय अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने, प्रदेश को वैश्विक व्यापार मंचों पर आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर प्रदेश की निवेश क्षमता के प्रदर्शन के लिए जारी गतिविधियों से अवगत कराया। प्रदेश में लॉजिस्टिक हब, स्मार्ट औद्योगिक पार्क, स्टार्ट-अप इको सिस्टम, ए.आई., ऑटोमेशन, हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ। डॉ. रामचरण, कॉरपोरेट गवर्नेंस, व्यावसायिक प्रबंधन और तेजी से बदलते वर्तमान परिवेश में व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के विशेषज्ञ हैं। उन्हें फॉर्च्यून पत्रिका ने सबसे प्रभावशाली सलाहकार और इकोनामिक टाइम्स ने वर्ष 2010 के लिए ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर नामित किया है।

## 1 से 10 अप्रैल के दौरान शालेय शिक्षकों द्वारा गृह संपर्क अभियान चलाया जायेगा : कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है, स्कूलों में छात्रों के नामांकन बढ़ाने के लिये 1 से 10 अप्रैल के दौरान शालेय शिक्षकों द्वारा गृह सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। शिक्षकों द्वारा कैचमेंट एरिया में घर-घर जाकर 6 से 18 वर्ष के बच्चों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र-01 में ली जायेगी, सम्पर्ककर्ता शिक्षक द्वारा सम्पर्क डायरी संधारित कर निर्धारित प्रपत्र.1 अनुसार कॉलम डायरी में तैयार कर जानकारी भरी जावेगी एवं अंतिम कालम में परिवार के मुखिया के हस्ताक्षर लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कार्य को प्राथमिकता देते हुए सम्पादित किया जाना सुनिश्चित किया जाये, किसी भी स्तर पर कार्य में उदासीनता को क्षम्य नहीं किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा यदि किसी परिवार में कोई बच्चा अप्रवेशित/शाला से बाहर मिलता है तो उसका कारण डायरी में संधारित करना होगा। साथ ही छात्र के शाला में प्रवेश हेतु परिवार के सदस्य को प्रेरित करना होगा एवं सहमति की दशा में तत्समय ही छात्र के प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। प्रतिदिन सम्पर्क उपरांत सायं 4 बजे शिक्षक द्वारा उसी दिवस किए गए सम्पर्कों की संकलित जानकारी कक्षा 1 से 8 जनशिक्षक को एवं कक्षा 9 से 12 संकुल प्राचार्य को भेजी जावेगी। संकुल प्राचार्य द्वारा अपने क्षेत्र की संकलित जानकारी प्रपत्र-2 में तैयार कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कक्षा 9 से 12 को एवं इसी तरह जनशिक्षक द्वारा अपने क्षेत्र की संकलित जानकारी तैयार कर विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को कक्षा 1 से 8 की जानकारी सायं 5 बजे तक भेजी जावेगी। उन्होंने कहा संबंधित विकासखण्ड से सम्पूर्ण विकासखण्ड की संकलित जानकारी प्रपत्र-3 में संकलित कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को सायं 6 बजे तक भेजी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जिले की संकलित जानकारी से प्रतिदिन साथ 6 बजे कलेक्टर को अवगत कराया जावेगा। शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले गृह सम्पर्क की सतत मॉनीटरिंग संकुल प्राचार्य बीईओ, बीआरसीसी, बीएसी, जनशिक्षकों द्वारा की जायेगी।

## नोटिस उन सभी कॉलोनियों के लिये हैं जो शहरी क्षेत्र के निकट विकसित हुई है : कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला पंजीयक से एक सूची ली थी जिले के अंदर कौन कौन सी ऐसी कॉलोनियां हैं जिसके प्लॉट्स के रजिस्ट्रेशन के लिए केसेस आ रहे हैं। जिला पंजीयक द्वारा 60 से भी अधिक ऐसी कॉलोनियों की सूची दी गई है। इन सभी कॉलोनियों के प्रोप्राइटर, मालिक हैं, उन सबको नोटिस जारी किए हैं और नोटिस के जरिये उनसे दस्तावेज मांगे गये हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कॉलोनी की वैधता की जो शर्तें हैं, कॉलोनी उसको पूरा करती है कि नहीं करती है। यथा रेरा का पंजीयन, विकास की अनुमतिए कॉलोनॉइजर का रजिस्ट्रेशन, यह सारे प्रमाण मांगे गये है। सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का निर्धारित समय दिया गया है। इसमें से जो दस्तावेजों को प्रस्तुत कर देंगे और जिसमें समाधान हो जाएगा की सब बिलकुल ठीक है, सभी नियम के अनुसार हैं तो उसमें कोई कठिनाई नहीं है। लेकिन जिनमें यह स्थिति बनती है की निर्धारित नियमों का पालन नहीं हुआ है, मापदंडों के अनुसार काम नहीं हुआ है तो ऐसे केसेस में फिर केस रजिस्टर्ड करके उन कालोनाईजरों खिलार्फ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार आज एवं कल मानस भवन में

दमोह। एकीकृत बागवानी मिशन योजनाअंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार आज 28 एवं कल 29 मार्च को मानस भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सेमीनार में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे एवं राज्यमंत्री लखन पटेल सेमीनार की अध्यक्षता करेंगे। सेमीनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जंयत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, अध्यक्ष

## मुक्ति मंच ने मनाया विश्व रंगमंच दिवस



**दमोह।** मुक्ति समाजिक एवं सांस्कृतिक मंच के द्वारा विश्व रंगमंच के दिवस पर स्थानीय नेहरू पार्क में रंग कर्मियों के द्वारा विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया। जिसकी शुरुआत मुक्ति मंच के कलाकारों के द्वारा गायन के माध्यम की गई इसके पश्चात रंगकर्मियों के द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम में दमोह के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म निर्माता प्रो. रश्मि जेता के द्वारा रंगमंच के इतिहास की जानकारी दी गई। वही रंगकर्मी और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अनुनय श्रीवास्तव द्वारा संचालन किया गया। वही प्रशांत जडिया द्वारा मंच सज्जा की आवश्यकता के बारे में बतलाया गया। मुक्ति सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से अधिवक्ता रंगकर्मी दीपक श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार सोनी, पत्रकार एवं रंगकर्मी मनीष सोनी, रंगकर्मी अधिवक्ता संदीप खरे, अखिलेश गोस्वामी, रंजीत परोचे, संजय रजक, मोहित ठक्कर, गौरव रोहिताश, कृष्णा तिवारी, निलेश प्रजापति, आदर्श तिवारी, हर्ष विश्वकर्मा, देवीका नामदेव, दीप्ति कोरी शामिल हुए।

# कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत :मंगुभाई पटेल

### प्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रहा : डॉ. यादव

### राजभवन में कर्मयोगी बने कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ




**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश इतिहास के ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है। कर्मयोग दैनिक जीवन में उच्चतर उद्देश्य के लिए आगे बढ़ने का वह रास्ता है जो व्यक्तिगत उन्नति के साथ समाज सुधार और सेवा का प्रभावी साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी विभिन्न भाषाए, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलुगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी। यह बातें राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। कार्यशाला का आयोजन राजभवन मध्यप्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग और यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के सहयोग से किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता और अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने छिंदवाड़ा के पारंपरिक बुनकरों द्वारा तैयार उत्तरीय परिधान और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। कार्यशाला में उप कुलपति जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रोफेसर शांति धुलीपुड़ी पंडित, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े भी मंचासीन थे।

**कर्मयोगी कार्य संस्कृति को बनायें सशक्त:**–राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज हमारे देश ने ज्ञान, विज्ञान, अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। दुनिया में भारत की नई पहचान और साख बनी है। हमारा देश ऐसे मोड़ पर है, जहां से एकजुट और एकमत प्रयासों से राष्ट्र विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि 4-5 दशक पूर्व आज के विकसित राष्ट्रों में भी ऐसे ही मोड़ आए थे। नागरिकों के कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित प्रयासों से राष्ट्र का स्वरूप बदल दिया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए कर्मयोगी, भावी पीढ़ी का निर्माण शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में कर्मयोगी बनने के लिए काम की प्रकृति चाहें जो भी हो, व्यक्तिगत लाभ की इच्छा, परिणाम, सफलता और असफलता किसी की भी चिंता किए बिना लगातार कार्य करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कर्मयोग पथ के अभ्यासी को शुरु-शुरु में परिणामों की चिंता, समाज की अपेक्षाएं, मान्यताएं और दैनिक जीवन की व्यस्तताओं में समय की कमी आदि की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ये सभी चुनौतियां सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समय प्रबंधन और कर्तव्य पालन, ध्यान, साधना तथा चिंतन के नियमित आध्यात्मिक अभ्यास से दूर हो जाती है।

**कार्य शाला कर्मवाद के पुर्नजागरण की पहल: डॉ. मोहन यादव:**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मयोगी कार्य शाला का आयोजन अद्भुत है। कार्यक्रम का भाव और भावना अभूतपूर्व है। सौभाग्य की बात है कि 5 हजार वर्ष पूर्व प्रदेश की धरती से शिक्षित कर्मयोगी के कर्मवाद का पुनर्जागरण प्रदेश से ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कर्मयोगी ऋषि परंपरा का अक्षरक्ष प्रतिरूप है। प्रधानमंत्री जी के मनोभावों के आधार पर सुशासन के दृष्टिगत होने वाले सभी सुशासन के प्रयोगों को अंतिम कड़ी तक पहुँचाने का प्रयास मिशन कर्मयोगी है। निष्काम भाव, अहंकार से मुक्त बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के लिए निरंतर कार्य करना ही कर्मयोग है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता अद्भुत है, जो अतिरंजित बातों को भी सुन लेती है। सही, अच्छी बातों को सद्भावना के साथ लेकर आगे चलती है। इसी लिए आज दुनिया भारतीय दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति का दायरा असीमित है, जिसमें सारे ब्रह्मांड के कल्याण का चिंतन है। भारत के तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे ज्ञान के केंद्र सम्पूर्ण मानवता के लिए कार्य करते थे। भारत ने कभी दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया।

**कर्मयोग का चिंतन लक्ष्य पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करना : परमार:**–उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कर्मयोगी बने कार्य शाला दूरगामी पहल है। कार्य शाला का चिंतन शिक्षा जगत में आमूल चूल परिवर्तन का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि कर्मयोग का चिंतन लक्ष्य पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। समय और परंपराओं का अनुपालन मात्र राष्ट्र जीवन के लिए पर्याप्त नहीं है। राष्ट्र की आवश्यकता लक्ष्य पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। कर्मयोग का चिंतन इसी अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने

## कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिये आगामी आदेश तक शाला समय में परिवर्तन

**दमोह।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में वृद्धि होने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए शाला संचालन समय परिवर्तन के संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दिशा निर्देश जारी किये है। जारी निर्देशों में कहा गया है समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक शाला समय में परिवर्तन कर प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 12:30 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा है दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार रहेगा।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2024-25/ एम/296 दिनांक 28/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मि पचौरी पति श्री अक्षय पचौरी ने मकान नं. 957/FF/F-103 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम तल 600 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-3 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम/24-25/357 दिनांक 28/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रंजीत कुमार रक्षित पिता श्री एस.के.रक्षित ने मधुर अपार्टमेंट के फ्लैट क्रमांक एस.एफ 4 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर द्वितीय तल 590 व.फु. तृतीय तल रजिस्टर्ड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लैट क्रमांक एस.एफ 4 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमती प्रीति सरकार पति श्री ए.एन. सरकार के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-3 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम/24-25/356 दिनांक 28/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिवानी भगत पिता श्री जयसेन भगत ने अर्जुनदेव कालोनी के फ्लैट क्रमांक एम-1 वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 1692.76 व.फु. भूतल 750 व.फु. प्रथम तल 750 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लैट क्रमांक एम-1 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री संजीव राज गर्ग पिता श्री तिलकराज एवं श्री तिलकराज गर्ग पिता श्री एल.आर.गर्ग के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-3 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम/24-25/355 दिनांक 28/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भावना नैय्यर पति श्री पुनीत नैय्यर ने भवन क्रमांक 823/पी 251 वार्ड शहीद गुलाब सिंह प्लाट 1108.6 व.फु. भूतल 1004 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त 823/पी 251 वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) डॉ. श्रीमती संगीता श्रीवास्तव पति डॉ. श्री विजय कुमार श्रीवास्तव के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-3 रामपुर शक्ति भवन रोड नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक/सं.क्र-03/एम/24-25/353 दिनांक 28/3/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप धवन पिता श्री प्रेम कुमार धवन एवं श्रीमती मीनाक्षी धवन पति श्री सन्नी धवन ने आइडियल हिल्स के फ्लैट क्रमांक डी3-1 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे भूतल 1284 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लैट क्रमांक डी3-1 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमती सीमा लेंगर पति श्री विमल कुमार एवं वंशिका लेंगर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करे।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कामधेनु नगर पनागर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक- एल.आई.जी. - 211 श्री अनुज पटेल पिता श्री अम्बिका प्रसाद पटेल के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.02.2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री अनुज पटेल पिता श्री अम्बिका प्रसाद पटेल ने संयुक्त शपथ पत्र के आधार पर पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21. 03.2025 के माध्यम से श्री ओंकार सिंह पिता श्री दयाराम बघेल को विक्रय किया है। श्री ओंकार सिंह पिता श्री दयाराम बघेल द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण ( भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन कमांक एल.आई.जी. -341 श्री प्रेमगिरी गोस्वामी पिता स्व. श्री किशनगिरी गोस्वामी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04.03.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री प्रेमगिरी गोस्वामी पिता स्व. श्री किशनगिरी गोस्वामी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.09.2023 के माध्यम से श्री प्रवेन्द्र कुमार चौबे पिता स्व. श्री जमना प्रसाद चौबे को विक्रय किया है। अत: श्री प्रवेन्द्र कुमार चौबे पिता स्व. श्री जमना प्रसाद चौबे द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# किरायानामा अनिवार्यता पर लगी अंतरिम रोक

## निजी स्कूल संचालकों को राहत

## 6 सप्ताह में मांगा जवाब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों को मान्यता के लिए रजिस्टर्ड किरायानामा जमा करने की शर्त पर अंतरिम रोक लगा दी है। इससे उन स्कूल संचालकों को बड़ी राहत मिली है, जो किसी न किसी कारण से किरायानामा नहीं बनवा पा रहे थे। दरअसल मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर 6 सप्ताह में जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। याचिका में निजी स्कूल संचालकों ने दलील दी थी कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया में राज्य सरकार ने रजिस्टर्ड किरायानामा की अनिवार्यता जोड़ दी है, जबकि शिक्षा के अधिकार अधिनियम में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस नियम के कारण हजारों स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं, क्योंकि कई स्कूल कृषि भूमि या अवैध कॉलोनियों में स्थित हैं, जहां मकान मालिक रजिस्टर्ड किरायानामा देने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे न केवल स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का रोजगार खतरे में आ जाएगा, बल्कि हजारों छात्रों का भविष्य भी प्रभावित होगा।

***अधिसूचना स्थगित रखने अंतरिम आदेश***- सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को इस मामले में 6 सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही 7 मई 2025 तक सरकार की 6 जनवरी 2023 की अधिसूचना को स्थगित रखने का अंतरिम आदेश दिया है।

***निजी स्कूलों ने दिए तर्क***- याचिका में बताया गया कि 2009 के निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 2011 में लागू किए गए नियमों में रजिस्टर्ड किरायानामा, सुरक्षा निधि और मान्यता शुल्क जैसी कोई शर्त नहीं थी। इससे पहले पहले नोटरी कृत किरायानामा ही मान्य होता था, जिसे स्कूल संचालक और मकान मालिक के बीच 3-5 वर्षों के लिए किया जाता था। नई शर्त के कारण 30-40त्न स्कूल संचालकों की मान्यता रद्द होने की नौबत आ गई है। मप्र प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच की ओर से यह याचिका शैलेष तिवारी, आनंद भागवत, अरविंद मिश्रा, अनुराग भार्गव, मोनू तोमर और विकास अवस्थी द्वारा दायर की गई थी। उनकी ओर से अधिवक्ता स्मिता वर्मा अरोरा ने पक्ष रखा।

अब इस मामले पर अगली सुनवाई 7 मई 2025 को होगी। तब तक के लिए निजी स्कूलों के मान्यता नवीनीकरण में रजिस्टर्ड किरायानामा की अनिवार्यता पर रोक रहेगी।




# हितकारिणी कॉलेज में वेलकम और फेयरवेल आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी देवताल महाविद्यालय में प्रथम वर्ष का स्वागत एवं तृतीय वर्ष का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएसपी मनीष त्रिपाठी ने विधार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी उन्होंने अपने उद्बोधन में जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के गुर सिखाये, कहा कि हार नहीं मनाना है जीवन में संघर्ष का सामना करते हुये अपने ध्येय को प्राप्त करना है वरिष्ठ निरीक्षक रीना पांडे ने आत्मसुरक्षा की सीख दी। छात्राओं को हार क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी अध्यक्ष शिवदत्त मिश्रा ने अध्यक्ष की आसंदी से उद्बोधन दिया। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की आशा व्यक्त की विशिष्ट अतिथि शासी निकाय सदस्य संदीप गोलछा उपस्थित थे, इन्होंने विद्यार्थियों को आर्शीवचन प्रदान किये।

***स्वरोजगार से जोड़ने हो रहे प्रयास***- प्रंभारी प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी और हितकारिणी सभा के मंत्री विश्व मोहन के द्वारा दिये जा रहे मार्गदर्शन को संज्ञान में लाते हुये छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ने की ओर किए जा रहे प्रयासों और महाविद्यालय में स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न कोर्स आरंभ किए जाने की जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय स्तर के हास्य कलाकार एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र विनय जैन ने सभी को अपनी हास्य कविताओ से मंत्र मुग्ध किया इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की विधाएं जैसे मिमिक्री, डांस, कैटवॉक आदि आयोजित हुए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# किसने, किसपर दागी गोली.. नहीं चला पता

## प्रापर्टी विवाद सीसीटीव्ही भी पुलिस को दे रहे चकमा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




कलेक्ट्रेट रजिस्ट्री कार्यालय से शुरु हुए प्रापर्टी विवाद शहर की पॉश एरिया सिविल लाईन तक जा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों में हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों पक्ष गायब हो गये, पुलिस को सिर्फ मिला तो गोली का खोखा। पुलिस चौबीस घंटे बाद भी गोली चलाने वाले और किसकों डराने के लिये उक्त वारदात को अंजाम दिया गया, इसका पता नहीं लगा सकी है। वहीं सूत्रों की माने तो मामले में एक नामचीन जादूगर की प्रापर्टी का विवाद सामने आया है, जिसमें शहर के एक पुराने बदमाश द्वारा फायरिंग किये जाने की चर्चा है, हालांकि पुलिस अभी भी कुछ स्पष्ट नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि जो फुटेज सामने आये है वह काफी धुंधले है, आगे के सीसीटीव्ही की जांच की जायेगी, जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि गत् दिवस गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विवाद और बंदूक तानने से वहां अफरा-तफरी मच गई थी। जिसकी सूचना ओमती पुलिस को मिली। पुलिस वहां पहुंची, तो दोनों पक्ष वहां से निकल गए। इसके बाद दोनों पक्ष गोलछा अपार्टमेन्ट के बाहर पहुंचे। जहां बंदूकधारी एक युवक ने वहां हवाई फायर कर दिया। जिससे वहां भी दहशत फैल गई। पुलिस का कहना था कि प्रापर्टी विवाद के चलते हवाई फायर की जानकारी आई है, लेकिन किसी ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि यह पता चल सके कि फायर किसने और क्यों किया। वहीं आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार तक किसी भी पक्ष ने मामले की शिकायत दर्ज नहीं करायी।

### इनका कहना है

गोली चलने की जांच की जा रहीं है, जो फुटेज सामने आये है वह काफी धुंधले है। एक नामचीन जादूगर की प्रापर्टी के विवाद की बात भी सामने आई है, लेकिन किसी भी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं करायी है। पुलिस आगे के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रहीं हैए जिसे गोलीबारी करने वाले का पता लगाया जा सके।

**नेहरु खण्डाते,**
**टीआई सिविल लाईन**

# मॉडल स्कूल में नौवीं कक्षा से प्रवेश शुरु

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किए जाने के बाद पंडित लज्जाशंकर झा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय की प्रभारी प्राचाय उपमा गुप्ता से प्रात जानकारी के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। चयनित विद्यार्थी 5 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे से 11 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मजदूरी दिलाने के नाम पर रेप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात प्रकाश में आई है। पुलिस ने बताया कि गर्दा खमरिया निवासी नितिन ठाकुर का बम्नौदा निवासी एक महिला जो मजदूरी का काम करती है उसे मजदूरी दिलाने और ठेकेदार के द्वारा बुलाने की बात कहते हुए बाइक में बैठाकर जलगांव ले गया जहां उसके साथ मारपीट करते हुए बलात्कार किया। जब महिला ने विरोध किया तो फिर से उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# दो तस्करों से एक लाख का गांजा जब्त

## माढ़ोताल पुलिस ने किया 5 किलो गांजा बरामद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



माढ़ोताल पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान दो गांजा तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने पांच किलों गांजा कीमती एक लाख रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की। माढ़ोताल टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान माढ़ोताल पुल के पास दो संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लिये हुए नजर आये। जिन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सिमरदीप सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी एससीआई कालोनी केरला भवन कटंगा गोरखपुर एवं सोनू ठाकुर उम्र 37 वर्ष निवासी शास्त्रीनगर तिलवारा बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले ट्राली बैग व पिट्ठू बैग की तलाशी ली। जिसमें पुलिस को पांच किलों गांजा मिला, जिसकी कीमत एक लाख रुपये है। पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त मादक पदार्थ गांजा शुभम सोनकर निवासी दंगल मैदान थाना बेलबाग से खरीदना तथा करन बिहारी निवासी मानसरोवर कालोनी माधवनगर जिला को उक्त गांजा बेचने के लिए लेकर जाना बताया। पुलिस ने गांजा जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम सोनकर व करन बिहारी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

# मनीष सेठ को कार्यक्रम अधिकारी का प्रभार

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आदेश जारी कर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में पदस्थी सहायक संचालक मनीष सेठ को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास का प्रभार सौंपा है। श्री सेठ को यह पदभार जिला कार्यक्रम अधिकारी रहे एमएल मेहरा को राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोगए भोपाल में अवर सचिव के पद पर पदस्थ किये जाने के फलस्वरूप सौंपा गया है।

# डीजे साउंड बजाने पर कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कोतवाली पुलिस ने बीती रात पारसनाथ गेस्ट हाउस के पास बगैर अनुमति तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने पर कार्यवाही की है। पुलिस ने मामले में डीजे मालिक रितिक राव निवासी गोपाल सदन श्रीनाथ मंदिर के पास उपरैन गंज कोतवाली द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश के उल्लंघन करना पाये जाने दो साउंड बॉक्स जप्त करते हुए मप्र कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

# आज और कल भी जमा होगा टैक्स

## 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि होगी दोगुनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम द्वारा सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए आज शनिवार और कल रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 3 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों, और व्यापारियों से भी अपील की है कि सभी करदाता आज शनिवार और कल रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत अंतिम सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# श्मशान पर दबंगों का कब्जा, रोका अंतिम संस्कार

## ग्राम चपोद का मामला, प्रशासन ने की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जिले के ग्राम चपोद में दबंगों ने वर्षों से अंतिम संस्कार के लिए उपयोग की जा रही सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। जब ग्रामीण वहां दाह संस्कार के लिए पहुंचे, तो दबंगों ने विवाद करते हुए उन्हें रोक दिया। इधर मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपनी मौजूदगी में अंतिम संस्कार संपन्न कराया और कब्जा की गई जमीन को मुक्त करवाया। अब जल्द ही इस भूमि पर मुक्तिधाम बनाया जाएगा।

***ये है पूरा घटनाक्रम***- यह घटना विगत 25 मार्च की है। जहां पर चपोद गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग शिवप्रसाद अहिरवार के निधन के बाद, परिवारजन उनका अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। लेकिन गांव के पटेल परिवार, जो इस जमीन पर खेती कर रहे थे, ने यह कहते हुए विरोध किया कि दाह संस्कार से उनकी फसल जल सकती है। इस कारण उस दिन अंतिम संस्कार नहीं हो सका। अगले दिन जब ग्रामीण और परिवारजन फिर से शव लेकर पहुंचे, तो पटेल परिवार ने उन्हें फिर से रोक दिया और कहीं और अंतिम संस्कार करने को कहा। इस पर अहिरवार समाज के लोग अड़ गए कि वर्षों से यही पर अंतिम संस्कार होता आया है, तो अब भी यहीं होगा।

### पहले भी रोका अंतिम संस्कार

मौके पर पहुंचे तहसीलदार और पुलिस बल ने शव का अंतिम संस्कार करवाया। इसके साथ ही, कलेक्टर के निर्देश पर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पटेल परिवार पहले भी दलित समाज के अंतिम संस्कार को रोक चुका है। उन्होंने प्रशासन से कई बार श्मशान भूमि आवंटित करने की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### सर्व रविदास समाज ने सौंपा ज्ञापन

आजादी के 78 वर्ष बाद आज भी दलित वर्ग के लोग एक मुक्तिधाम के लिए तरस रहे है। आज भी अपने हक अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं। एड तरुण कुमार रोहितास ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों ने कई बार मुक्तिधाम के लिए सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग की थी। आज तक जमीन आबंटित नहीं हुई जिसके कारण दलित वर्ग को अंतिम संस्कार के लिए भटकना पड़ रहा है ये सरकार ओर अधिकारियों की गंभीर लापरवाही हैं उक्त संपूर्ण घटना की जबलपुर रविदास समाज के द्वारा घोर निंदा व्यक्त करते हैं। कलेक्टर ने तत्काल पाटन में संबंधित अधिकारियों को तत्काल उक्त जमीन पर बाउंड्री वाल कर मुक्तिधाम निर्माण करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान देवेश कुमार चौधरी, अशोक रोहितास, शिवराम बैन, राजेंद्र चौधरी, तरुण रोहितास, लक्ष्मी बैन, संजय अहिरवार, तेजकुमार भगत आदि उपस्थित थे।

# ट्रक ड्राइवर को मारा चाकू नगदी और मोबाइल लूटा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंधमुख बायपास के पास ट्रक ड्राइवर को रोककर बदमाशों ने चाकू मारकर नगदी और मोबाइल लूट लिया। घायल को इलाज के लिए 108 की मदद से मेडिकल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि लखनऊ निवासी अजय कुमार पाल 30 वर्षीय का गोवां से मुंबई ट्रक में चाय पत्ती लोड कर जा रहा था। बीती रात वह ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर अंधमुख बायपास के पास एक ढाबा में रात्रि 12 बजे खाना खाने पैदल जा रहा था तभी नकाबपोश बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसके ऊपर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया बदमाशों ने युवक के पास रखे नगद 1500 रूपए और मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है। साथ ही सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाल रही है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**